हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025



### 14 महीने से नहीं हुआ भुगतान, 27 वार्डों की सफाई ठप

# भुगतान की मांग पर ठेकेदारों की हड़ताल शहर में सफाई व्यवस्था ठप, पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 14 माह से भुगतान नहीं होने पर शहर के सफाई ठेके पर चल रहे 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप हो गई है । सफाई ठेकेदारों को भुगतान नहीं किए जाने के चलते सफाई कर्मचारियों को पेमेंट नहीं मिल पा रही है। जिसकी वजह से ठेकेदारों ने ठेके वाले वार्डों में सफाई कार्य बंद कर दिया है ।

नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष सफाई ठेका किया जाता है। बीते वर्ष जुलाई माह से हुए सफाई ठेके में अब तक लगभग आठ माह का भुगतान बकाया है। वहीं बीते वर्ष जुलाई से पहले के लगभग 6 माह का भुगतान नहीं हुआ है । जिसके चलते सफाई कर्मचारियों को पेमेन्ट नहीं मिल पा रहा है।

इस वजह से सफाई ठेके के वार्डों में बीते दो दिनों से सफाई नहीं हुई है।

## वार्डों में नहीं हुई सफाई

बीते सोमवार को सभी ठेकेदारों ने ठेके वाले वाडों की सफाई रोक दी। इसके बाद नगर निगम द्वारा सोमवार शाम को ठेकेदारों को एक-एक महीने भुगतान किया गया। वहीं मंगलवार से निर्धारित समय पर सफाई करने कहा गया था, लेकिन अधिकांश वार्डों में आज भी सफाई नहीं हुई।



## सत्ता बदली पर समस्या वही

ठेके पर चल रहे वार्डों के सफाई ठेकेदारों को लगभग 14 माह से भुगतान नहीं हुआ है। बीते वर्ष जुलाई से पहले नगर निगम में कांग्रेस की सरकार थी। वहीं अब नगर निगम में भाजपा की सरकार है और प्रदेश में भी भाजपा सरकार सत्ता में है। इसके बाद भी वेतन भुगतान को लेकर समस्या हो रही है।

## लगातार बन रही समस्या

वेतन भुगतान नहीं होने को लेकर समय-समय पर सफाई कर्मचारी हड़ताल करते हैं। जिसकी वजह से भी सफाई व्यवस्था ठप हो जाती है । वहीं ठेकेदारों को लंबे समय से भुगतान नहीं होने की वजह से सफाई कर्मचारियों को भी वेतन के लाले पड़े हुए हैं। ऐसे में सफाई ठेके वाले वार्डों में सफाई व्यवस्था लम्बे समय से बदहाल चली आ रही है।

# पहलीं से 8वीं कक्षा के आज घोषित होंगे परिणाम राजनांदगांव छोड़ सभी ब्लॉकों में बटेगी मार्कशीट

### सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में परिणाम घोषणा से एक दिन पहले तक नहीं पहुंची गैर बोर्ड कक्षाओं की अंकसूची!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालभर पढ़ाई के बाद बच्चों और अभिभावकों को कल 30 अप्रैल को परिणाम की मौखिक जानकारी तो मिल जाएगी, किन्तु अंकसूची के लिए उन्हें अभी और इंतजार करना पड़ेगा। वजह यह है कि सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में परिणाम घोषित करने के एक दिन पहले तक मार्कशीट पहुंची ही नहीं है।



उल्लेखनीय है कि सालाना परीक्षा के बाद सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कल 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से परिणाम की घोषणा करना है। कुछ स्कूलों में स्थानीय परीक्षा के परिणाम जारी कर अंकसूची का वितरण करना भी शुरू हो गया है। वहीं राज्य सरकार द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायमरी और पूर्व माध्यमिक स्कूलों में मंगलवार तक अंकसूची पहुंची तक नहीं है। यह स्थिति छुरिया, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव में संचालित स्कूलों में है। जानकारी के अनुसार सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के छात्र-छात्राओं को कल 30 अप्रैल को मौखिक रूप से परिणाम तो बता दिया जाएगा, किन्तु अंक सूची के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। पता चला है कि विभाग द्वारा जो अंकसूची उपलब्ध कराई गई है, उसमें कई खामियां देखने मिल रही है। सबसे बड़ी खामी यह देखने मिल रही है कि स्कूल के नाम में अंग्रेजी के स्थान पर अंगेजी लिखा है। वहीं बच्चों के नाम, जन्म तिथि, शब्दों में प्राप्तांक के उल्लेख में कई त्रुटियां है। यह भी पता चला है कि कुछ स्कूलों में विषय शिक्षक नहीं होने के कारण सोशल साईंस, गणित, अंग्रेजी के पेपर का मूल्यांकन भी नहीं हो पाया है।

## पढ़ाई अंग्रेजी में, मार्कशीट हिंदी में

जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी और आठवीं की एकीकृत परीक्षा होने के कारण शिक्षा विभाग ने अंकसूची तो मुहैया करा दिया है, जिसे कल वितरित किया जाएगा। विभाग ने जो अंकसूची दिया है, वह अंग्रेजी के बजाय हिंदी में है। देखने से एक बारगी हिंदी माध्यम स्कूल की अंकसूची होने का भान होता है।

























## खबर संक्षेप

### जेठमल का सम्मान एक को



**डोंगरगांव।** स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े हेमशंकर जेठमल को ओएसएस स्टेट यूनिवर्सिटी किर्गिस्तान द्वारा डॉक्टर ऑफ सोशल सर्विस की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। आदिवासी बाहुल्य ग्राम बननवागांव के हेमशंकर जेठमल को सामाजिक सेवा और समुदायिक कार्य के लिए यह की उपाधि आगामी एक मई ओएसएस स्टेट यूनिवर्सिटी किर्गिस्तान द्वारा प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

### विधायक ने किया वेणुगोपाल का सम्मान



**डोंगरगढ़।** अछोली के रेणुगोपाल वर्मा पिता चमन वर्मा ने मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में तबला वादन में 1500 वादकों के साथ तबलावादन किया था। उनका नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। उन्होंने बीते साल यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित 8 जी गोल्ड कप चैंपियनशिप में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने रेणुगोपाल को मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेणुगोपाल के माता- पिता, दादी के अलावा चुम्मनदास साहू आदि उपस्थित थे।

### संपर्क डिवाइस पर कार्यशाला

**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरगढ़ में विकासखंड स्तरीय संपर्क डिवाइस कार्यशाला का आयोजन गत दिनों दो पालियों में किया गया।



कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक सतीश ब्यौहारे, एसीपी मनोज मरकाम, आदर्श वासनिक एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली की उपस्थिति में हुआ। जिला परियोजना समन्वयक श्री ब्यौहारे ने संपर्क डिवाइस के साथ शैक्षणिक कार्यों से संबंधित जानकारी दी। श्री मरकाम एवं श्री वासनिक ने संपर्क डिवाइस के क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में संपर्क डिवाइस विशेषज्ञों ने संचालन, उपयोगिता के संबंध में प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों को प्रशिक्षित करते हुए सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों को कार्यशाला को गंभीरता से हुए सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। कार्यशाला में संकुल समन्वयक सुरेश सहारे, राजेश शर्मा, अमृतदास साहू, अनुपम पटेल, बृजभूषण राजपूत आदि उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी को हटाने की मांग

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने बोरतलाव पुलिस पर महाराष्ट्र से शराब तस्करी, जुआ सट्टा और कच्ची शराब के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा बार बार शराब बिक्री बंद करने कहा जा रहा है किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी पत्र दिया है। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जुआ सट्टा, शराब, गौ तस्करी को देखते हुए बोरतालाब थाना प्रभारी हटाने के लिए आवेदन दिया है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने भी थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है।

### मलेरिया की दी जानकारी

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व



मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि मलेरिया को नियंत्रित करने के वैश्विक प्रयासों की जानकारी देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्लास्मोडियम परजीवियों के कारण मलेरिया तीव्र ज्वर वाली बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से फैलती है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि भारत सरकार ने मलेरिया उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें निदान, उपचार और वेक्टर नियंत्रण उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करना शामिल है।

## एक-दूसरे पर कर रहे दोषारोपण

# रोपवे मामले में जिम्मेदारी लेने से कतरा रहे जिम्मेदार

### प्रशासनिक जांच रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रोपवे में बीते दिनों घटी घटना के बाद संचालक सहित बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के हाथ पैर फूल गए है। कंपनी एवं समिति एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग को घेरते हुए लो वोल्टेज के कारण घटना होना बताया है।

वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग ने लो वोल्टेज के कारण घटना होने के आरोप को बलत बताते हुए रोपवे कंपनी के खिलाफ शिकायत किया है। वहीं जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर एक हफ्ते में रिर्पोट मांगी है।

इस मामले को राज्य सरकार ने भी गंभीरता से लिया है साथ ही घटना के दिन ही स्थानीय भाजपा नेता ने थाने में घटना की शिकायत किया है। पुलिस अधिक्षक ने भी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिया है।




#### भाजपा नेता का उपचार जारी

ट्राली टूटने की घटना में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोट आई है। रायपुर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए भरत वर्मा के साथ ट्राली में ट्रस्ट अध्यक्ष, रामसेवक पैकरा, दयासिंग सहित अन्य दो अन्य बैठे थे जिन्हे मामूली चोट आई है।

#### भारी पड़ी व्हीआईपी संस्कृति

जानकारी के अनुसार रोपवे के मेंटेनेंस को नजर अंदाज घटना का कारण माना जा रहा है। जानकार बताते है कि सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक लगातार चल रहे रोपवे के संचालन को एक घंटा बंद कर बारिकी से निरीक्षण कर आईल एवं ग्रीसिंग किया जाता है। इस अवधि में आने वाले वीआईपीओ के बीच अपनी पकड़ बनाने के लिए कुछ स्थानीय नेताओं सहित ट्रस्टी एवं अधिकारी मेंटेनेस को नजर अंदाज कर तत्काल दर्शन की सुविधा मुहैया कराने दबाव बनाते है। व्हीआईपी कल्चर के कारण कभी भी लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड हो सकता है। इस घटना के बाद आने वाले दिनों में सुधार के प्रयास पर सबकी नजर है।

# नल जल योजना अपूर्ण गहराया जल संकट

### सरपंच ने कलेक्टर से किया शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



ग्राम पंचायत-साखा में पानी की विकराल समस्या खड़ी होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शासन की नल जल योजना का कार्य अधूरा है जिसे लेकर ग्रामवासी अपनी नाराजगी विधायक और जिला पंचायत तक पहुंचा चुके है।

ग्रामीणों की नाराजगी के बाद भी नल जल योजना का कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है जिससे पानी की समस्या दिनों दिन विकराल होते जा रही है। ग्राम पंचायत में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच कपिनाथ महोबिया ने कलेक्टर से मिलकर नल-जल योजना के बारे में जानकारी दिया और पानी टंकी, पाईप लाईन विस्तार कार्य को जल्द पूरा कराने का निवेदन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में नए बोर खनन कराने की भी मांग की। श्री महोबिया ने कहा कि ग्रामीणों में बहुत आक्रोश है। पानी की समस्या से उन्हे निजात नहीं मिल रही है। उन्होंने उक्त कार्य की जांच कराने की मांग किया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने अब तक नलकूप खनन भी नहीं कराया है जिससे पानी टंकी को भरा जा सके।

### पिपरिया जलाशय में मछली का संचयन



**छुईखदान।** क्षेत्र के सबसे बड़े पिपरिया जलाशय में मछली पालन के लिए मत्स्य समिति ने 24 अप्रैल को संचयन हेतु मछली बच्चा डाला। पिपरिया सिंचाई जलाशय में मिश्रित मेजर कार्प मत्स्य बीज अध्यक्ष जय बुड़ादेव मछुआ समिति देवरच्चा, क्षेत्रीय अधिकारी, मछुआ सदस्यों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में जलाशय में संचयन किया गया।

### वार्ड में बोर खनन

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, वार्ड 11 के पार्षद, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा आदि की उपस्थिति में महावीर मंदिर, शनि मंदिर एवं दुकान चाल और वार्डवासियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महावीरपारा दुकान चाल के पास बोर खनन कराया गया है। यहां पानी टंकी लगाकर आम जनों को पानी मुहैया कराया जाएगा।



# सामाजिक भवन का लोकार्पण श्रद्धा से मनाई गई कर्मा जयंती



**मुंदगांव।** ग्राम में गत दिनों साहू समाज ने कर्मा जयंती श्रद्धा के साथ मनाया। इस मौके पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू थे। उन्होंने कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। अध्यक्षता जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष मदन साहू ने की। उन्होंने समाज की मजबूती में एक-एक व्यक्ति की सहभागिता को जरूरी बताया। साहू समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा निकली गई। दूसरे दिन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। लोकार्पण के बाद भंडारा एवं प्रसादी का वितरण किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, प्रशांत कोड़ापे, पूजा चौधरी, हंसराज साहू, कुलदीप साहू, कचरूराम साहू, हेमंत साहू, मोहन साहू, भीखम साहू, सुदर्शन साहू, भूमिका सिन्हा, रामचंद्र यादव थे। इस अवसर पर पन्नालाल साहू, फेरूलाल साहू, रूपेश साहू, महेश साहू, बाबूराम साहू, तीरथ साहू, मानाराम साहू, धनीराम साहू, हेमलाल साहू, ढालसिंह साहू, आत्माराम साहू, जीराखन साहू, रमेश साहू, देवचंद साहू, देवलाल साहू, हरिचंद साहू, शिव साहू, पलटुराम साहू, राधेलाल साहू, बारेलाल साहू आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

सेवानिवृत प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 2018 के बाद सेवानिवृत हुए 18 कर्मचारियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी केके शुक्ला थे। अध्यक्षता बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि संकुल प्राचार्य शिवलाल साहू ,खेमराज जैन, सुजीतसिंह चौहान, शकुन पटवा, सौरभ साहू थे। कार्यक्रम के आरँभ में दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। पुष्पा सोनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। स्वागत के बाद डीईओ श्री शुक्ला ने सेवानिवृत प्राचार्य सोहनलाल बंछोर को साल श्रीफल, मोमेंटो एवं श्रीमद्भागवत भेंट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार अन्य सेवानिवृतों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रभारी डीईओ ने सेवानिवृतों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की। अंत में महेश साहू ने आभार व्यक्त किया। संचालन गोपाल राम साहू एवं राकेश वर्मा ने किया।

# अक्षय तृतीया पर्व आज

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में कल बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घड़ा बाजार पहले से सजा हुआ है। इस पर्व पर पानी भर कर घड़ा दान करने की परंपरा है जिससे बाजार में मंगलवार को घड़ा की बिक्री दिन भर बनी रही। इसके अलावा रंग बिरंगे ड्डा गुडिया का बाजार लगा रहा। परंपरा अनुसार पर्व पर बच्चे गुड्डा गुडिया का विवाह कराते हैं। अतरिया में बच्चों ने विवाह का निमंत्रण कार्ड देकर लोगों को नेवता दिया है। तीन दिवसीय आयोजन के तहत चूलमाटी, तेल,



मायन, बारात तथा आशीर्वाद समारोह का आयोजन भी रखा गया है। गुड्डा गुड़ियों के विवाह को लेकर बच्चों की टोली काफी उत्साहित है।

# पूर्व छात्रों ने लिया सुविधा विस्तार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की बैठक नवीन भवन के कांफ्रेस हाल में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नौआना, प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, डॉ. संगीता रंगारी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ एमएल नंदेश्वर मौजूद थे। प्राचार्य डॉ रेवती ने स्वागत के बाद बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के अधोसंरचना विकास, शैक्षणिक एवं अकादमिक विकास के साथ नैक मूल्यांकन में महाविद्यालय को अच्छा ग्रेड प्राप्त करने में पूर्व विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। नैक टीम द्वारा नैक मूल्यांकन के समय पूर्व विद्यार्थियों के संगठन एवं महाविद्यालय विकास में उनके योगदान को दृष्टिगत रखते हुए मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने ए-ग्रेड दिलाने हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं गतिविधियों को संचालित करने हेतु सहयोग करने की अपील की।

भूतपूर्व विद्यार्थियों ने बैठक में महाविद्यालय के विकास में कमी नही आने देने एवं हर संभव प्रयास करने की बात कही। पूर्व विद्यार्थियों ने कहा कि खेलकूद के क्षेत्र में सबसे अधिक संभावनाएं है। शहर के खिलाड़ी विभिन्न संस्थानो एवं क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे है किन्तु महाविद्यालय में बीपीएड कोर्स नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को बाहर जाकर कोर्स करना पड़ता है। इसी प्रकार बीएड कोर्स भी नहीं है। उन्होंने महाविद्यालय में बीपी एड एवं बीएड कोर्स खुलवाने की मांग की।




#### संगठन को मजबूत करने पर जोर

बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने कहा कि कालेज के विकास में निसंदेह पूर्व विद्यार्थियों की भूमिका अहम होती है, इसके लिए इस संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। स्थापना वर्ष से वर्तमान सत्र तक के छात्र-छात्राओं को संगठित कर उन्हे एलुमिनी एसोसिएशन से जोड़ना कारगार होगा। इस मौके पर धीरज मेश्राम, सुदेश मेश्राम, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नौआना ने भी अपने विचार रखे।

#### शामिल हुए पूर्व छात्र

बैठक में एलुमिनी एसोसिएशन के सदस्य टोमनलाल कंवर, कमलेश कोर्राम, दुलेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ नागदौने, किशोरसिंह, चंद्रप्रकाश शर्मा, विलास सहारे, प्रफुल्ल चावड़ा, राजेश दम्माणी, उषाकिरण शाह, प्रतिभासिंग, अखिल यादव, लखन ठाकुर, आनंद सोनी, विपुल अग्रवाल, प्रकाश यादव, अविनाश टेम्भुरकर, कुलेश्वर यादव, झगेन्द्र बंजारे, बलराम साहू, एण मीणा, योगेश्वर मानिकपुरी, ज्योत गंधर्व, डोमेश्वर सिन्हा, ऋतु पटेल, शिल्पी यादव, वैशालीसिंह, वेदप्रकाश वर्मा, गोपीचंद वर्मा, नेहा खांडेकर, रेणुका सिंहा, स्नेहा साहू, निकिता कंडरा, पूजा सिंह, शकुंतला टेकाम, मुकेश कुमार, योद्धासिंह राठौर, दविंदरसिंग भाटिया, रोहित वाल्दे, पुनम तिवारी, उपकार साहू, हरिश सोनी, वाय मोहन राव, बाबूराव जनबंधु, तरूण वरकडे, पूनम सिन्हा, सुमित ताम्रकर आदि ने अपने विचार रखे।

#### एलुमिनी एसोसिएशन का पुनर्गठन

बैठक में क्रीड़ा अधिकारी डॉ नंदेश्वर ने बताया कि वर्तमान एलुमिनी एसोसिएशन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। एसोसिएशन का पुर्नगठन एवं पंजीयन करना आवश्यक है। पदाधिकारियों के नामों को प्रस्तावित किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष दविंदरसिंग भाटिया, सचिव विपुल अग्रवाल, सहसचिव उषाकिरण साव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए रोहित वाल्दे का नाम प्रस्तावित किया गया। संचालन क्रीड़ा डॉ. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन डॉ संगीता रंगारी ने किया।

## परिणाम देखकर छात्रों में खुशी की लहर

# सीजी पब्लिक स्कूल में नतीजे जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सीजी पब्लिक स्कूल में बीते दिनों वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम की कक्षा केजी 1 से 11वीं तक की परीक्षाओं के परिणाम अभिभावकों, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में जारी किया गया। प्राचार्य एजाज अली हाशमी एवं अतिथियों ने प्रथम तीन स्थान हासिल करने वालों को मेडल एवं प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया।

हिन्दी माध्यम की कक्षा केजी वन में सायंक साहू प्रथम, भव्य सेन्द्रे द्वितीय, लियान धनकर तृतीय, केजी टू में हर्षिता यादव प्रथम, दिव्यांशी मानिकपुरी द्वितीय, आकाश बिंद तृतीय, पहली में पूर्वी प्रथम, वानी रामटेके द्वितीय, ईश्वर ढीमर तृतीय, दूसरी में देवांशी देवांगन प्रथम, शेख अब्दुल करीम, गीतांजली साहू द्वितीय, संजोज मंडावी तृतीय, कक्षा तीसरी में गीतिका कंवर प्रथम, सेलिना कंवर द्वितीय, स्वस्ती मोहा तृतीय, कक्षा 4 थी में पल्लवी प्रथम, अंकिता साहू, लक्षिता चक्रधारी द्वितीय, गरिमा तृतीय, कक्षा 6 वीं में आँचल प्रथम, प्रियांश द्वितीय, पायल श्रीवास, योगेन्द्र कुमार तृतीय, कक्षा 7 वीं में भेनुका देवांगन प्रथम, गेशिका साहू द्वितीय, छत्रेश कुमार तृतीय रहे। इसी प्रकार कक्षा 9 वीं में डिलेश्वर धनकर प्रथम, भेलेश्वर सोनकर द्वितीय, प्राची लाडेश्वर तृतीय, 11वी गणित संकाय में लक्की सोनकर प्रथम, अभिनव अधिकारी द्वितीय, सुमित साहू तृतीय, जीवविज्ञान संकाय में प्रीति साहू प्रथम, साक्षी वैष्णव द्वितीय, विद्या साहू तृतीय, कॉमर्स संकाय में तेजस्वनी सिन्हा प्रथम, अलअमा कौशर द्वितीय, निशा कन्नौजे तृतीय रही।

#### तेजस्वनी, दिव्यांशी प्रथम

अंग्रेजी माध्यम की क्लास नर्सरी में अरसीन, मो. नवाज कुरैशी प्रथम, मोनिष साहू द्वितीय, प्रियांशी विश्वकर्मा तृतीय, एलकेजी में वेद मालेकर प्रथम, भाविका देवांगन द्वितीय, चिवेश कुमार, लियांश वर्मा, शेख साकिर तृतीय, यूकेजी में मो असीर अंसारी, तुषिका राजपूत प्रथम, विजय माटेकर द्वितीय, येधांत देवांगन तृतीय, क्लास 1 में नुशांत जुरेशिया प्रथम, तक्ष्य चुरेन्द्र, वैभव द्वितीय, माही कुम्हार, रूही माटेकर, सर्वेश बगरिया तृतीय, क्लास-2 में आरव हिरवानी, स्मिता श्यामकर प्रथम, चैतन्य देवांगन, देविका पटेल द्वितीय, डेविड साहू, यांशी शेंडे तृतीय, क्लास 3 में रेशिका यदु प्रथम, चैंसी सोनकर द्वितीय, कुंजल ठाकुर तृतीय, क्लास 4 में पंकज सोरी प्रथम, लक्ष्य द्वितीय, भूमिका तिवारी, दिव्यांश सोनकर तृतीय, क्लास 6 में आयुष टांडेकर, पूर्वी साहू प्रथम, नोमान अली, ओजस्वी साहू द्वितीय, मयंक साहू तृतीय, क्लास 7 में धर्मेन्द्र साहू प्रथम, सौम्या चौहान द्वितीय, साक्षी माटेकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार क्लास 9 में कुश कमरिया प्रथम, कुमकुम साहू, शिवम शर्मा द्वितीय, वैशाली निषाद तृतीय, 11 वीं गणित संकाय में तेजस्वनी सिवना प्रथम, विक्रम राज परतेती द्वितीय, खिलेन्द्र कुमार तृतीय, जीवविज्ञान में दिव्यांशी मेश्राम प्रथम, निधिसिंह द्वितीय, ज्योति साहू तृतीय, कॉमर्स संकाय में लक्षिता यादव प्रथम, मौलेश सोनी द्वितीय, मुस्कान सोनी तृतीय रही।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**राजनांदगांव।** बाइक सवार को लापरवाही से भाग रही स्कार्पियों वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह लगभग साढे 10-साढे 11 बजे करीब अंजोरा बायपास के पास बाइक सवार को स्कार्पियों वाहन ने ठोकर मार दिया। पुलिस के अनुसार बाइक सवार इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे दुर्ग चिकित्सालय ले जाया गया, जिसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का नाम नवीन सोनी राजनांदगांव निवासी बताया गया है।

### तालाब के पास बेच रहा था शराब, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** तालाब के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिससे 18 पौवा अंग्रेजी शराब एवं बिक्री की रकम 300 रुपए बरामद किया गया है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 28 अप्रैल को रात्रि में सूचना के आधार पर सांई मंदिर तालाब पार चिखली के पास अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी योगराज साहू 19 साल साकिन कांकेतरा के कब्जे से 18 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की कीमती 2160 रुपए व बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

### युगांतर ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 मृत नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने प्रातःकालीन सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते अपने शोक संदेश में आतंकवादी हमले को आतंकवादियों की कायराना हरकत बताया है। उन्होंने भी मृत नागरिकों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।



### प्रतीक बने जनभागीदारी समिति सदस्य

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के स्थानीय लालबाग निवासी प्रतीक अग्रवाल को जनभागीदारी समिति में सदस्य बनाया गया है। जिसका प्रतीक अग्रवाल ने संगठन एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। पूर्व में प्रतीक अग्रवाल जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में सह-संयोजक भी रहे। वर्तमान में विगत पांच वर्षों से अग्रवाल सभा राजनांदगांव के व्यवस्थापक है।

### सेवा भजन मानस मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल ने गत दिनों अपने पदाधिकारियों की बैठक लेकर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों का नरसंहार कृत करने के विरोध में निंदा प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। केन्द्र सरकार से मांग की है कि दोषी आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए। उक्त सभा में संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर, अशोक सारथी, तीजराम साहू, मोहन सेन, परसादी साहू, विश्राम साहू, बाबूदास मानिकपुरी, मंगल यादव, राजाराम श्वेता, रमन यादव, मोजेश साहू, नारायण बघेल, गोपाल सारथी, नारायण साहू, सोनू शेंडे, दम्मू भगत, संतोषी सोनकर, आशा सारथी, संतोषी सेन, शारदा सारथी, बिबलेश्वरी सोनकर, कुमारीबाई साहू, भारती सोनकर, चमेलीबाई आदि शामिल हुए।

### फुलबासन लोगों से कर रही अभियान से जुड़ने अपील

**राजनांदगांव।** पद्मश्री फुलबासन यादव ने लोगों से जल संरक्षण अभियान से जुड़ने की अपील की। राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी लोग सामूहिक रूप से योगदान दे रहे हैं। गौरतलब है कि जल संरक्षण को लेकर घरों में छोटे-छोटे कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें नल को व्यर्थ बहने नहीं दिया जा रहा है। नालों में बोरी बंधान शुरू की गई है। स्कूलों में बच्चों को सिखाया जा रहा है कि कैसे पानी की एक-एक बूंद अनमोल है। यहां तक बर्तनों में धोए पानी से पौधों को सींचा जाने लगा। अपने घर में पानी का सही उपयोग करें। बारिश के पानी को संचित करने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं। नहाने, कपड़े धोने या गाड़ी साफ करने में आवश्यकता से अधिक पानी न बहाएं। गांवों और मोहल्लों में जल संरक्षण पर जागरूकता फैलाएं।




### कार्यालय को वापस लाने स्मरण पत्र

**राजनांदगांव।** जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू द्वारा 27 अप्रैल को सीएम हाउस में स्मरण पत्र प्रेषित किया। जिसमें एडीबी (अरबन डिवलपमेंट बैंक) सेतु निगम कार्यपालन अभियंता कार्यालय, पाठ्यपुस्तक निगम, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को परमिट देने का अधिकार जो राजनांदगांव से दुर्ग ले जाया गया था, हेतु ज्ञापन स्मरण पत्र प्रेषित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्र स्वीकार किया गया। यह जानकारी जनहित मोर्चा के सचिव नागेश श्रीवास्तव ने दी।

### आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किया जाए : संजीव

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के संस्थापक संजीव सिंघल ने पहलगाम की आतंकी गतिविधियों की घोर भर्त्सना की है। इन कायराना हिंसक वारदातों के जिम्मेदार आतंकवादियों एवं उनके आका पाकिस्तान का समूल नाश करने की भारत सरकार से मांग की है। श्री सिंघल की मांग का समाज सेवक संघ के पदाधिकारियों प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, उमा साहू, नेमिन देशमुख, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, हिमलेश्वरी साहू, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि ध्रुव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, रेवती साहू, वीरू यादव, गोकुल लहरे, संगीता रावटे, मनीष आदि ने पूर्ण समर्थन किया है।



## नवीन कानूनों पर रेंज स्तरीय पुलिस की कार्यशाला में दी आवश्यक जानकारी

# रेंज के 150 से अधिक विवेचकों ने सीखी कानून की बारीकियां

## आईजी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए कानून संहिता के संबंध में राजनांदगांव रेंज के विवेचकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डीपीओ कबीरधाम कृष्ण कुमार चतुर्वेदी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गीता वागवानी की उपस्थिति में डीपीओ कबीरधाम कृष्ण कुमार चतुर्वेदी द्वारा नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में 150 से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### अधिकारियों की रही उपस्थिति

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य द्वारा डीपीओ कबीरधाम कृष्ण कुमार चतुर्वेदी को स्मृति चिन्ह भेंट कर नए कानूनों के संबंध में जागरूक करने पर उनका आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में डीएसपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी आजाक तनुप्रिया ठाकुर, प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल एवं जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सहायक उपनिरीक्षक से निरीक्षक तक लगभग 150 से अधिक विवेचकगण उपस्थित रहे।



### जांच प्रक्रियाओं से अवगत कराना उद्देश्य

आईजी अभिषेक शांडिल्य ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था कि विवेचक नवीनतम कानूनी प्रावधानों और प्रक्रियाओं से अवगत हो। जिससे वे अपने जांच कार्यों को अधिक प्रभावी और न्यायसंगत तरीके से संपन्न कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में विवेचकों को नवीन कानूनों की व्याख्या, उनके अनुप्रयोग और जांच प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया।

### विवेचकों को निरंतर अद्यतन रहना आवश्यक

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि कानूनों में समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों के कारण विवेचकों को निरंतर अद्यतन रहना आवश्यक है, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा सकें। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र न केवल विवेचकों की पेशेवर दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधिकारियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एसपी श्री गर्ग द्वारा समस्त विवेचकों को धन्यवाद ज्ञापित करते विश्वास जताया कि सभी अधिकारी नए कानूनों के संबंध में विशेष रूचि लेकर व समझकर प्रभावी कार्य संपादन कर पाएंगे।

### प्रक्रियाओं की दी जानकारी

डीपीओ कबीरधाम कृष्ण चतुर्वेदी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पुलिस को सशक्त करने के लिए प्रक्रियाओं में लाए गए सुदृढ़ता को बताया कि एफआईआर से लेकर ऑनलाइन शिकायत जांच, गिरफ्तारी अन्य प्रक्रियाओं को भी बताया गया। भारतीय संहिता में हुए मूल परिर्वतन को बताते कहा कि भारतीय न्याय संहिता सभी वर्ग के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। जिसमें नवीन अपराध, झपटमारी, देशद्रोह, संगठित अपराध जैसे विभिन्न अपराधों के समावेश पर प्रकाश डाला और पहली बार किसी अपराध में सामुदायिक सेवाओं को दंड में शामिल करने पर किया जाना बताया गया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में साक्ष्यों के रूप में इलेक्ट्रानिक दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों पर अधिक बल देने हेतु न्याय की प्रक्रिया को प्रमुखता से सुनिश्चित करने वाला पहल बताया। नए आपराधिक कानूनों को धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने समस्त अधिकारियों को प्रेरित किया।

## भाजपा किसान मोर्चा करेगा पुतला दहन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के दिशा-निर्देश पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत का किसान मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया जाएगा।

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरेंद्र साहू ने बताया कि टिकैत द्वारा दिया गया बयान पाकिस्तान परस्त और देशद्रोह की श्रेणी में आता है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इस बयान का पुरजोर विरोध करती है।

भारत के सर्वोच्च सदन के सर्वमान्य नेता द्वारा देशहित में लिए गए निर्णय की अवहेलना करना और देशहित में लिए गए संवेदनशील मुद्दे पर बयान देना निश्चय ही देश विरोधी कृत्य है। पहलगाम में हुए घृणित कृत्य के विरोध में भारत में निश्चय किया कि सिंधु जल समझौता तोड़ा जाएगा, पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा नहीं दिया जाएगा, यहां पर जितने भी पाकिस्तानी अधिकारी हैं, उन्हें वापस जाने कहा गया। इस विषय पर टिकैत ने गलत बयानबाजी की, जो स्पष्ट रूप उनको पाकिस्तान परस्ती होना दिखाता है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इस बयान से आक्रोशित है और कल 30 अप्रैल को 11 बजे महावीर चौक से रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। रैली महाकाल चौक पहुंचेगी, जहां पर भाजपा द्वारा नरेश टिकैत का पुतला दहन भी किया जाएगा। तत्पश्चात जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

## अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब ले जाते 3 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध रूप से शराब परिवहन करने व अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जालबांधा पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 अप्रैल को जालबांधा पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति स्कूटी जुपिटर में अवैध रूप से काफी मात्रा में शराब लेकर नंदकट्ठी तरफ से जालबांधा आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस द्वारा द्वारा शनि मंदिर चौक शेरगढ़ में नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक स्कूटी वाहन में दो व्यक्ति आते दिखे।

### मजदूरी में भट्ठी से शराब लेकर करते थे बिक्री

जिसे रोककर नाम-पता पूछने पर अपना नाम पहला व्यक्ति धनराज बंजारे ग्राम पवनतरा व दूसरा अजय बंजारे ग्राम जालबांधा बताया। दोनों की तलाशी लेने पर स्कूटी जुपिटर के डिग्गी में 60 नग अंग्रेजी शराब व स्कूटी के सीट में बैग में 90 नग शोले देशी प्लेन शराब बरामद किया गया। रेड कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों का मेमोरेंडम कथन लिया गया। अपने-अपने कथन में बताया कि जालबांधा के संतोष सोनवान के कहने पर पैसा देने पर मजदूरी में भट्ठी से शराब लेकर बिक्री कर संतोष सोनवान को पैसा देते थे। पुलिस चौकी जालबांधा में 34(2), 42 आबकारी एक्ट व आरोपियों द्वारा संगठित होकर शराब बिक्री करने के लिए परिवहन करते पाए जाने से धारा 111(2) बीएनएस के अंतर्गत कायम किया गया। आरोपी संतोष सोनवान, धनराज बंजारे व अजय बंजारे को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## नगर निगम की बजट बैठक 2 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**राजनांदगांव।** निगम की बजट बैठक 2 मई को 12 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2024-25 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा। बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि 12 बजे से बैठक प्रारंभ होगी।

बैठक में महापौर मधुसूदन यादव अपने कार्यकाल का शहर विकास के लिए पहला बजट पेश करेंगे। बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जाएगा। पठन उपरांत चर्चा पश्चात निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने महापौर सहित निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों व पत्रकार बंधुओं एवं अधिकारी-कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## हाईवे में दो स्थानों पर चाकूबाजी ट्रेलर चालक व एक अन्य घायल

### कोतवाली एवं सोमनी थाना क्षेत्र में वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में पार्रीनाला के पास एवं ठाकुरटोला नाला के आगे बीती रात चाकूबाजी की घटना हुई। जिसमें एक ट्रेलर चालक व पैदल जा रहा व्यक्ति घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 अप्रैल की रात ट्रेलर वाहन चालक राकेश पाल रायपुर से वर्धा जाने के लिए निकला था।

रात लगभग साढे 3-4 बजे के बीच वह नेशनल हाइवे में पार्रीनाला के पास पहुंचा ही था कि एक स्कूटी में 3 लोग आए और उसे गाड़ी रोकने का इशारा किए, जब वह वाहन रोड किनारे खड़ी कर वाहन से उतर रहा था, तभी तीनों लोग वहां आए और हमारे ऊपर गाड़ी चढ़ा दोगे क्या कहते हुए गाली-गलौज किए एवं एक व्यक्ति अपने पास रखे लोहे के चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसे चोंटे आई। उसके चिल्लाने के दौरान दरगाह में ड्यूटी पर लगे पुलिस वाले आवाज सुनकर पहुंचा और घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### चाकू से हमला कर मोबाइल व बैग ले भागे

इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भी बीती रात चाकूबाजी की घटना हुई। इस मामले में प्रार्थी हंसराज मेश्राम दुर्ग निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हलवाई का काम करता है। 27 अप्रैल को राजनांदगांव हलवाई काम से आया था। रात लगभग 12.20 बजे ई-रिक्शा में बैठकर मनकी तक आया। वहां से दुर्ग पैदल जा रहा था। वह ठाकुरटोला नाला के पास पहुंचा ही था कि 28 अप्रैल को लगभग सवा बजे एक सफेद रंग की स्कूटी में तीन लोग मनकी तरफ से आए और उसके सामने वाहन को रोककर बीच में बैठे व्यक्ति ने बोला कि जो भी सामान पैसा रखा है दे दो। प्रार्थी ने जब मना किया तभी उससे मारपीट कर एक व्यक्ति ने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। आरोपी प्रार्थी के पास रखे मोबाइल और बैग को छीनकर अपने स्कूटी से दुर्ग की ओर भाग गए। घायल को उपचार हेतु एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले गए। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## जेसीबी वाली दीदी ने नेपाल में दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




जिले के खैरझिटी निवासी दमयंती सोनी ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जेसीबी चलाने का जौहर दिखाया। छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्होंने जेसीबी की स्टेरिंग थामी और लगभग चालीस मिनट तक अलग-अलग इवेन्ट को बखूबी कर दिखाया। जेसीबी वाली दीदी दमयंती ने नेपाल में छत्तीसगढ़ सांस्कृति परिधान पहनकर अपना अलग परिचय दिया। इसे देखकर नेपालवासियों ने भी उनका स्वागत किया। दमयंती सोनी भारत के राज्यों सहित अब विदेशों में हो रहे एक्पो में भी शामिल हो रही है।

नेपाल के काठमांडू में विभिन्न कंपनियों के मशीनरी वाहनों के प्रदर्शन व आपरेटर सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेश के भी लगभग 30 लोग शामिल हुए थे। इसमें दमयंती अकेली महिला थी, जिन्होंने अपनी उंगलियों पर जेसीबी वाहनों को लगभग 45 मिनट तक नचाया। उनकी प्रतिभा को देखकर कंपनियों के प्रतिनिधि भी दंग रह गए। उन्होंने अलग-अलग स्टेप में आपरेटिंग का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### देश-विदेश में प्रदर्शन

वर्षों पहले पति के आकस्मिक निधन के बाद बच्चों के पालन-पोषण के लिए दमयंती ने जेसीबी चलाना सीखा और फिर इसे अपना शौक बना लिया। अब वह देश-विदेश में जाकर अपनी जेसीबी चलाने की कला का प्रदर्शन करती है।

### मलेशिया में आमंत्रित

लगभग 64 वर्षीय दमयंती इसके पहले भी कई अवसरों पर भारी मशीनरी वाहनों को आपरेट कर चुकी है। इस वर्ष अगस्त-सितंबर में मलेशिया में संभावित प्रदर्शनी में भी उन्हें आमंत्रित किया है। उसके बाद दिसंबर में जापान में होने वाली प्रदर्शनी के लिए भी उन्हें पहले से ही आमंत्रण मिल चुका है। प्रदेश की साय सरकार ने भी जापान यात्रा के लिए उन्हें आर्थिक सहायता दी है।

## एसपी ने थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुरगी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शहर के बसंतपुर थाना एवं सुरगी पुलिस चौकी का 28 अप्रैल को वार्षिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। थाना चौकी के जवानों की समस्याएं सुनी एवं समाधान करने का आश्वासन दिया।

पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुरगी पहुंचकर थाने के रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया।

### फरियादियों को न हो समस्या

उन्होंने थाने की साफ-सफाई जवानों की वेशभूषा को देखा। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। थानों में जब्त वाहनों का निरीक्षण कर राजसात की कार्रवाई कर वाहन मालिकों तक पहुंचाने हेतु दिशा निर्देश दिया। थाना एवं चौकी भवन का भी निरीक्षण किया। थाना एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, पुलिस चौकी सुरगी उनि वीरेंद्र मनहर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रीडर-1 निरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं थाना व चौकी स्टाफ उपस्थित थे।

## अशोक को अग्रवाल संगठन ने दिया अग्र रत्न

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रांतीय बैठक अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार में आयोजित हुई। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया शामिल हुए। राजनांदगांव में गत दिवस विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा जीवनभर सेवा कार्य के लिए अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न से सम्मानित होने पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आज अग्र रत्न से सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया के अनुसार संगठन के



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, चेयरमैन अशोक मोदी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, संरक्षक जयदेव सिंघल, महेंद्र सेक्सरिया, नेतराम अग्रवाल, महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, हेमलता बंसल, मनोज अग्रवाल, महामंत्री संजय अग्रवाल ने अशोक लोहिया को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं अग्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेशभर के लगभग 250 महिला-पुरुष एवं युवा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में मिले 3030 आवेदन

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार के सुशासन तिहार के तहत शहर के 24 वार्डों के 3030 हितग्राहियों ने आवेदन देकर अपनी समस्या और मांग प्रशासन के समक्ष रखा है।

1030 लोगो ने जमीन का पट्टा के लिए आवेदन दिया है। आय जाति प्रमाण पत्र के लिए 26, जनपद के 2, स्वास्थ्य विभाग के 13, महिला एवं बाल विकास विभाग को 197, शिक्षा विभाग 9, विद्युत विभाग 69, गैस एजेंसी 13, आईटीआई 1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 24, कलेक्टर 2, रोजगार कार्यालय 3, जल संसाधन विभाग 2, पुलिस विभाग 3, पशुपालन विभाग 1, सामान्य प्रशासन विभाग 5, लोक सेवा केन्द्र 7, नगर पालिका के लोककर्म विभाग 343, अतिक्रमण शाखा 20, जल शाखा 368, प्रधानमंत्री आवास योजना 637, स्वच्छता मिशन 109, राजस्व विभाग 39, स्वच्छता विभाग 32, स्थापना शाखा 6, जन्म मृत्यु पंजीयन 0, पेंशन शाखा 43, विद्युत शाखा 8, एनयूएलएम को 16 आवेदन मिले है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि आवेदन को संबंधित कार्यालय भेजकर प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाएगा।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025



### 14 महीने से नहीं हुआ भुगतान, 27 वार्डों की सफाई ठप

# भुगतान की मांग पर ठेकेदारों की हड़ताल शहर में सफाई व्यवस्था ठप, पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 14 माह से भुगतान नहीं होने पर शहर के सफाई ठेके पर चल रहे 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप हो गई है । सफाई ठेकेदारों को भुगतान नहीं किए जाने के चलते सफाई कर्मचारियों को पेमेंट नहीं मिल पा रही है। जिसकी वजह से ठेकेदारों ने ठेके वाले वार्डों में सफाई कार्य बंद कर दिया है ।

नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष सफाई ठेका किया जाता है। बीते वर्ष जुलाई माह से हुए सफाई ठेके में अब तक लगभग आठ माह का भुगतान बकाया है। वहीं बीते वर्ष जुलाई से पहले के लगभग 6 माह का भुगतान नहीं हुआ है । जिसके चलते सफाई कर्मचारियों को पेमेन्ट नहीं मिल पा रहा है।

इस वजह से सफाई ठेके के वार्डों में बीते दो दिनों से सफाई नहीं हुई है।



#### वार्डों में नहीं हुई सफाई

बीते सोमवार को सभी ठेकेदारों ने ठेके वाले वाडों की सफाई रोक दी। इसके बाद नगर निगम द्वारा सोमवार शाम को ठेकेदारों को एक-एक महीने भुगतान किया गया। वहीं मंगलवार से निर्धारित समय पर सफाई करने कहा गया था, लेकिन अधिकांश वार्डों में आज भी सफाई नहीं हुई।

#### सत्ता बदली पर समस्या वही

ठेके पर चल रहे वार्डों के सफाई ठेकेदारों को लगभग 14 माह से भुगतान नहीं हुआ है। बीते वर्ष जुलाई से पहले नगर निगम में कांग्रेस की सरकार थी। वहीं अब नगर निगम में भाजपा की सरकार है और प्रदेश में भी भाजपा सरकार सत्ता में है। इसके बाद भी वेतन भुगतान को लेकर समस्या हो रही है।

#### लगातार बन रही समस्या

वेतन भुगतान नहीं होने को लेकर समय-समय पर सफाई कर्मचारी हड़ताल करते हैं। जिसकी वजह से भी सफाई व्यवस्था ठप हो जाती है । वहीं ठेकेदारों को लंबे समय से भुगतान नहीं होने की वजह से सफाई कर्मचारियों को भी वेतन के लाले पड़े हुए हैं। ऐसे में सफाई ठेके वाले वार्डों में सफाई व्यवस्था लम्बे समय से बदहाल चली आ रही है।

# पहलीं से 8वीं कक्षा के आज घोषित होंगे परिणाम राजनांदगांव छोड़ सभी ब्लॉकों में बटेगी मार्कशीट

### सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में परिणाम घोषणा से एक दिन पहले तक नहीं पहुंची गैर बोर्ड कक्षाओं की अंकसूची!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालभर पढ़ाई के बाद बच्चों और अभिभावकों को कल 30 अप्रैल को परिणाम की मौखिक जानकारी तो मिल जाएगी, किन्तु अंकसूची के लिए उन्हें अभी और इंतजार करना पड़ेगा। वजह यह है कि सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में परिणाम घोषित करने के एक दिन पहले तक मार्कशीट पहुंची ही नहीं है।





उल्लेखनीय है कि सालाना परीक्षा के बाद सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कल 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से परिणाम की घोषणा करना है। कुछ स्कूलों में स्थानीय परीक्षा के परिणाम जारी कर अंकसूची का वितरण करना भी शुरू हो गया है। वहीं राज्य सरकार द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायमरी और पूर्व माध्यमिक स्कूलों में मंगलवार तक अंकसूची पहुंची तक नहीं है। यह स्थिति छुरिया, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव में संचालित स्कूलों में है। जानकारी के अनुसार सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के छात्र-छात्राओं को कल 30 अप्रैल को मौखिक रूप से परिणाम तो बता दिया जाएगा, किन्तु अंक सूची के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। पता चला है कि विभाग द्वारा जो अंकसूची उपलब्ध कराई गई है, उसमें कई खामियां देखने मिल रही है। सबसे बड़ी खामी यह देखने मिल रही है कि स्कूल के नाम में अंग्रेजी के स्थान पर अंगेजी लिखा है। वहीं बच्चों के नाम, जन्म तिथि, शब्दों में प्राप्तांक के उल्लेख में कई त्रुटियां है। यह भी पता चला है कि कुछ स्कूलों में विषय शिक्षक नहीं होने के कारण सोशल साईंस, गणित, अंग्रेजी के पेपर का मूल्यांकन भी नहीं हो पाया है।

#### पढ़ाई अंग्रेजी में, मार्कशीट हिंदी में

जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी और आठवीं की एकीकृत परीक्षा होने के कारण शिक्षा विभाग ने अंकसूची तो मुहैया करा दिया है, जिसे कल वितरित किया जाएगा। विभाग ने जो अंकसूची दिया है, वह अंग्रेजी के बजाय हिंदी में है। देखने से एक बारगी हिंदी माध्यम स्कूल की अंकसूची होने का भान होता है।

#### जेठमल का सम्मान एक को

**डोंगरगांव।** स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े हेमशंकर जेठमल को ओएसएस स्टेट यूनिवर्सिटी किर्गिस्तान द्वारा डॉक्टर ऑफ सोशल सर्विस की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। आदिवासी बाहुल्य ग्राम बननवागांव के हेमशंकर जेठमल को सामाजिक सेवा और समुदायिक कार्य के लिए यह की उपाधि आगामी एक मई ओएसएस स्टेट यूनिवर्सिटी किर्गिस्तान द्वारा प्रदान की जाएगी।

# रोपवे मामले में जिम्मेदारी लेने से कतरा रहे जिम्मेदार

### एक-दूसरे पर कर रहे दोषारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रोपवे में बीते दिनों घटी घटना के बाद संचालक सहित बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के हाथ पैर फूल गए है। कंपनी एवं समिति एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग को घेरते हुए लो वोल्टेज के कारण घटना होना बताया है।

वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग ने लो वोल्टेज के कारण घटना होने के आरोप को बलत बताते हुए रोपवे कंपनी के खिलाफ शिकायत किया है। वहीं जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर एक हफ्ते में रिर्पोट मांगी है।

इस मामले को राज्य सरकार ने भी गंभीरता से लिया है साथ ही घटना के दिन ही स्थानीय भाजपा नेता ने थाने में घटना की शिकायत किया है। पुलिस अधिक्षक ने भी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिया है।





#### भाजपा नेता का उपचार जारी

ट्राली टूटने की घटना में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोट आई है। रायपुर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए भरत वर्मा के साथ ट्राली में ट्रस्ट अध्यक्ष, रामसेवक पैकरा, दयासिंग सहित अन्य दो अन्य बैठे थे जिन्हे मामूली चोट आई है।

#### भारी पड़ी व्हीआईपी संस्कृति

जानकारी के अनुसार रोपवे के मेंटेनेंस को नजर अंदाज घटना का कारण माना जा रहा है। जानकार बताते है कि सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक लगातार चल रहे रोपवे के संचालन को एक घंटा बंद कर बारिकी से निरीक्षण कर आईल एवं ग्रीसिंग किया जाता है। इस अवधि में आने वाले वीआईपीओ के बीच अपनी पकड़ बनाने के लिए कुछ स्थानीय नेताओं सहित ट्रस्टी एवं अधिकारी मेंटेनेस को नजर अंदाज कर तत्काल दर्शन की सुविधा मुहैया कराने दबाव बनाते है।

# नल जल योजना अपूर्ण, गहराया जल संकट

### सरपंच ने कलेक्टर से किया शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत-साखा में पानी की विकराल समस्या खड़ी होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शासन की नल जल योजना का कार्य अधूरा है जिसे लेकर ग्रामवासी अपनी नाराजगी विधायक और जिला पंचायत तक पहुंचा चुके है। ग्रामीणों की नाराजगी के बाद भी नल जल योजना का कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है जिससे पानी की समस्या दिनों दिन विकराल होते जा रही है। ग्राम पंचायत में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच कपिनाथ महोबिया ने कलेक्टर से मिलकर नल-जल योजना के बारे में जानकारी दिया और पानी टंकी, पाईप लाईन विस्तार कार्य को जल्द पूरा कराने का निवेदन किया।



#### विधायक ने किया वेणुगोपाल का सम्मान

**डोंगरगढ़।** अछोली के रेणुगोपाल वर्मा पिता चमन वर्मा ने मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में तबला वादन में 1500 वादकों के साथ तबलावादन किया था। उनका नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। उन्होंने बीते साल यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित 8 जी गोल्ड कप चैंपियनशिप में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने रेणुगोपाल को मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेणुगोपाल के माता-पिता, दादी के अलावा चुम्मनदास साहू आदि उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर्व आज

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में कल बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घड़ा बाजार पहले से सजा हुआ है। इस पर्व पर पानी भर कर घड़ा दान करने की परंपरा है जिससे बाजार में मंगलवार को घड़ा की बिक्री दिन भर बनी रही। इसके अलावा रंग बिरंगे ड्डा गुडिया का बाजार लगा रहा। परंपरा अनुसार पर्व पर बच्चे गुड्डा गुडिया का विवाह कराते हैं। अतरिया में बच्चों ने विवाह का निमंत्रण कार्ड देकर लोगों को नेवता दिया है। तीन दिवसीय आयोजन के तहत चूलमाटी, तेल, मायन, बारात तथा आशीर्वाद समारोह का आयोजन भी रखा गया है। गुड्डा गुड़ियों के विवाह को लेकर बच्चों की टोली काफी उत्साहित है।






























## खबर संक्षेप

### 11 कुंडीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम अतरिया-दामापुर बाजार में 28 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित भव्य 11 कुंडीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ के शुभारंभ दिवस पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने यज्ञ स्थल पर जिला पंचायत विकास निधि से निर्मित सांस्कृतिक मंच (यज्ञ मण्डप) लागत राशि 5.13 लाख रुपए का लोकार्पण किया। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सियाराम साहू पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक उपस्थित थे। श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ उद्घाटन दिवस पर भव्य शोभा कलश यात्रा नगर भ्रमण कर निकाली गई, जिसमें ग्राम सहित आसपास क्षेत्र के माताएं व बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने श्रीलक्ष्मी-नारायण यज्ञ मण्डप का पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की प्रगति व खुशहाली की कामना की तथा इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मण्डल को बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अतरिया नरेश यदु, मनहरण साहू, दशरू साहू, बलराम साहू, जेजैय राम साहू, रामकुमार साहू सहित आयोजक मण्डल के सदस्य व क्षेत्र ग्रामवासी गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### सेवानिवृति प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोयलारी संकुल कोयलारी में मंगलवार को वरिष्ठ प्रधान पाठक जलेश चन्द्रवंशी को सेवानिवृति होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर किया गया, तत्पश्चात जलेश चन्द्रवंशी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर पुष्पाहार से सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार श्री चन्द्रवंशी ने 1995 से शिक्षकीय सेवा प्रारंभ किए तथा अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लगभग उन्होंने 30 वर्ष शिक्षकीय सेवा दिए। वरिष्ठ प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने उनके शिक्षकीय सेवा काल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरल, सहज, मिलनसार मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रुप मे जाने जाते हैं सभी ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किए। उक्त अवसर पर संकुल प्रभारी नरेश सिन्हा, शैक्षिक समन्वक भरत तिवारी, प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा, बलदाऊ चन्द्रवंशी, मदन चन्द्राकर, सिद्धराम पाटिल, मनहरण चन्द्राकर, पंचम ठाकुर, रामधुन धुर्वे, कीर्तन नायक, दशरथ साहू, मुकेश साहू, ललित साहू, देवशरण साहू, केशव देवांगन, संतोष यदु, पारषमणी शर्मा, श्रीमती छाया नरवरिया, चेतन्द्र यदु, प्रदीप मंडावी, एसएमसी अध्यक्ष कनक चन्द्राकर, टेकराम चन्द्राकर, खिलावन साहू, नेहरु साहू साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हाई स्कूल पंचराम कोसले, सरपंच प्रकाश यादव, किशन बंजारे, रामरतन कुर्रे, मुंगेश कोसरिया, अरवनी कुर्रे, राकेश भट्ट की उपस्थिति में घोषित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान छात्रा यनू टंडन ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, सोमन कुर्रे ने 91.5 के साथ द्वितीय तथा राज बंजारे ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिणाम परिणाम शिक्षक व बच्चों का वर्ष भर का मेहनत होता है, जो परिणाम के रूप में आज मिला। शिक्षक वर्ष भर अपने बच्चों को कड़ी मेहनत से अध्ययन अध्यापन कराते है, बच्चों की सफलता में ही शिक्षकों की सफलता छुपी रहती है जो बच्चे निरंतर कड़ी मेहनत करते है वो निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते है। जीवन में सफलता व असफलता लगी रहती है। असफलता से हमे निराश नहीं होना चाहिए बल्कि हमे नए ऊर्जा के साथ अपने आप को तैयार कर मेहनत करनी चाहिए। वहीं शाला समिति अध्यक्ष व ग्राम सरपंच ने बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन योगेश चौरिया ने किया। व्याख्याता वर्षा सोनी ने पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, लक्ष्मण पटेल व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### मोर द्वार साय सरकार अभियान में दामापुर बाजार में ग्रामीण हितग्राही का घर-घर जाकर नाम जोड़ा जा रहे



**हरिभूमि कवर्धा।** मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत ग्राम दामापुर बाजार में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़े विशेष अभियान में दामापुर सरपंच बहादुर खान, सचिव सुखनंदन चंद्राकर, रोजगार सहायक नारायण साहू, अश्वनी यदु, पंचगण भागवत घृतलहरे व गांव के सहयोगियों की उपस्थिति में सभी पात्र हितग्राही का सर्वे किया गया एवं नाम जोड़ा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन हितैषी योजना प्रधानमंत्री योजना के लिए सभी ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

## बैठक: श्री महर्षि काश्यप के नाम से जाना जाएगा महबूब शाहदातार वार्ड क्रं 13

# 27 विषयों पर हुई चर्चा, विकास कार्यों का एजेंडा तयः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर के महबूब शाहदातार वार्ड क्रं 13 का नाम अब बदलकर श्री महर्षि काश्यप वार्ड के नाम एवं बहादुर गंज वार्ड क्रं. 21 नाम बदलकर अब मां गायत्री वार्ड के नाम से जाना जाएगा। उपस्थित सदस्यों ने पूर्ण बहुमत के साथ वार्डो के नामकरण बदलने पर मुहर लगा दी है। पार्षदों द्वार पारित निर्णय को अब राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा। जिससे उक्त दोनो वार्डो का नाम अब बदल जाएगा। दोनो वार्ड का नाम बदलने हेतु आवेदन के आधार पर प्रस्ताव परिषद की बैठक में रखा गया। जिसमें चर्चा कर निर्णय लिया गया। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के कार्यकाल का दूसरा बैठक मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में संपन्न हुआ है। बैठक में 27 विषयों पर चर्चा हुआ। जिसमें 24 विषयों को सर्वसम्मति एवं 03 विषयों को पूर्ण बहुमत से पारित किया गया। बैठक में विभिन्न विकास कार्यो के साथ-साथ एक देश एक चुनाव, वार्ड के नामकरण में संशोधन, महिला जीम निर्माण नगर में बेतरतीब होर्डिंग बोर्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया। श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि वार्ड क्रं. 13 मनोज गुप्ता एवं 21 पार्षद सुरेन्द्र पाण्डेय के साथ वहां के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर वार्ड का नाम बदलने हेतु अनुरोध किया है जिसके परिपेक्ष्य में आज परिषद की साधारण सम्मेलन में विषयों पर चर्चा किया गया।




### काश्यप संहिता के रचियता है श्री महर्षि काश्यपः नपाध्यक्ष

महर्षि कश्यप के जन्म का व्याख्यान करते हुए नपाध्यक्ष ने बताया कि सतयुग अथवा वैदिक काल का ऋषि माना जाता है। उनका जन्म ब्रह्मा जी के मानस पुत्र के रूप में हुआ था यानि वे ब्रह्मा की मानसिक संकल्प शक्ति से उत्पन्न हुए। कश्यप ऋषि को कश्यप संहिता का रचयिता माना जाता है, जो आयुर्वेद का एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है उन्होंने वैदिक ज्ञान को आगे बढ़ाया और अपने समय के अनेक ऋषियों और राजाओं को शिक्षा दी। कश्मीर को महर्षि कश्यप ऋषि के नाम से जाना जाता था कश्मीर को ही कश्यप ऋषि ने अपने कर्म भूमि मानकर वहां तपस्या भी की।

### एक देश एक चुनाव बहुमत से पास

परिषद की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने एक देश, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव को परिषद के पटल पर रखा। पटल रखने के साथ ही एक देश एक चुनाव के बारे में सारगर्भित चर्चा करते हुए बताया कि भारत में एक साथ लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की प्रस्तावित व्यवस्था है। केन्द्र सरकार ने इस विचार को लागू करने के लिए विधेयक पेश किया था, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सितंबर 2024 में मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य चुनावी खर्च कम करना, प्रशासनिक बोझ घटाना और शासन में सुधार लाना बताया गया है। उन्होनें इस व्यवस्था को ऐतिहासिक कदम करार दिया है प्रस्ताव पर विपक्ष दलों के उपस्थित 4 पार्षदों ने इस पर विरोध जताया, लेकिन पक्ष के उपस्थित पार्षदों ने बहुमत के आधार पर इसे पारित कर एक देश एक चुनाव के संकल्प पारित कर प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की स्वीकृति दी गई है।

### डीएमफ फंड से मिले 1 करोड़ 50 लाख

नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयास से नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला खनिज न्यास निधि से 1 करोड़ 50 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है, उन्होनें बताया कि करपात्री स्कूल से लेकर जिला पंचायत, जिला पंचायत से लेकर बीएसएनएल कार्यालय से होते हुए पीजी कॉलेज तक एवं पीजी कॉलेज से लेकर आदिवासी मंगल भवन तक सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ वॉकिंग टैंक, पाथवें निर्माण किये जाने हेतु 1 करोड रूपए की स्वीकृति प्रदान किया गया। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे 10 नग शेड निर्माण कार्य हेतु 48 लाख 52 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुआ है जिसका निविदा सहित अन्य प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्य पूर्ण कर जाएगा।

## रोहिंग्या, बाहरी मुस्लिमों की जांच की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोंड़ी में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पोंड़ी पुलिस चौकी पहुंचकर पाकिस्तानी, बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान और जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रखंड संयोजक वेद साहू ने कहा कि बाहरी लोग फर्जी पहचान पत्रों के सहारे क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे। विगत दिनों पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई आतंकी घटना में कट्टरपंथी जिहादी मानसिकता के चलते हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या की गई, जिससे देशभर के हिंदू समाज में आक्रोश है। जिसके बाद केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानियों को देश छोड़ने के आदेश का हवाला देते हुए, छत्तीसगढ़ में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की सघन जांच की करने को कहा है। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भी बाहरी लोगों को चेतावनी दिया है कि उनके ऊपर भी कार्यवाही किया जाएगा। जिस पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि बाहरी तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए इस दौरान प्रखंड संयोजक वेद साहू, अमन पाली, विजय साहू, दीपक तिवारी, रवि निषाद, राजा गोस्वामी, गिरजेश साहू, गणेश साहू व लल्ला यादव एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने रक्षित केंद्र का किया वार्षिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने प्रातः 6:30 बजे जोराताल स्थित रक्षित केंद्र कबीरधाम का वार्षिक निरीक्षण परेड स्थल पर पहुंचकर गरिमामयी उपस्थिति में परेड की सलामी ली। परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण परेड में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को अलग-अलग प्लाटून का नेतृत्व सौंपा गया, जिससे परेड का संचालन अत्यंत अनुशासित एवं समन्वित ढंग से संपन्न हुआ। सभी प्लाटून ने उच्च स्तरीय टर्न आउट और अनुशासन का प्रदर्शन किया। एसपी श्री सिंह द्वारा परेड का गहन निरीक्षण करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं जवानों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने शासकीय वाहनों की स्थिति का भी सूक्ष्म परीक्षण किया एवं उनके बेहतर रख-रखाव के लिए वाहन शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई व्यक्तिगत या सेवा संबंधी समस्या हो तो वह उसे निःसंकोच उनके समक्ष प्रस्तुत करें। इस दौरान कुछ जवानों द्वारा व्यक्तिगत कारण से स्थानांतरण हेतु गुजारिश की गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यकतानुसार स्थानांतरण की कार्यवाही का आश्वासन दिया। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन शाखा, रीडर शाखा, शस्त्रागार, स्टोर शाखा समेत रक्षित केंद्र की अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शाखाओं में संधारित अभिलेखों, फाइलों, सामग्री पंजी एवं अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों का सूक्ष्म अवलोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

## हाई स्कूल भगतपुर का स्थानीय परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

सोमवार को शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा परीक्षा परिणाम के तनाव को दूर कैसे दूर करें विषय पर बच्चों को पालको को जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया, वहीं संस्था प्राचार्य रामकुमार कौशिक द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया तथा परीक्षा परिणाम के तनाव को दूर कैसे करें विषय पर बच्चों एवं उपस्थित पालको को विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम में 42 प्रथम श्रेणी, 18 द्वितीय व 16 तृतीय श्रेणी तथा 1 पूरक एवं 4 अनुत्तीर्ण रहें। जिसमें राजाराम यादव 93 प्रतिशत अंक प्राप्तकर कक्षा में प्रथम स्थान, बम्लेश्वरी चंद्रवंशी एवं भिनुप्रिया पात्रे 90 प्रतिशत कक्षा में द्वितीय एवं भारती साहू 84 प्रतिशत अंक प्राप्तकर कक्षा में तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, सरपंच कपिल चंद्राकर, पूर्व सरपंच रामफल चंद्रवंशी, विश्वा ओगरे, नारद साहू, रुपेश यादव संस्था के प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी एवं छात्र-छात्राए व पालक गण उपस्थित थे।

### जेवड़न खुर्द स्कूल में पूर्व प्राचार्य केआर चंद्रवंशी की विदाई व सम्मान समारोह आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत शासकीय हायर सेंकेण्डरी जेवड़न खुर्द में पूर्व प्राचार्य व शिक्षक केआर चंद्रवंशी को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 62 वर्ष पूरी होने पर संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संकुल स्तर के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम का हुए वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा पाठ कर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य उत्तम साहू एवं स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसर केआर चंद्रवंशी की 62 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति की गई, इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूल-माला और गुलाल लगाकर श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संतोष शर्मा, श्याम कोसरिया, अशोक चंद्रवंशी, राजू भारत, सरस ठाकुर, शांति पात्रे, संतोष ठाकुर एवं शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## तूफान व ओलावृष्टि से आम बगीचा में भारीनुकसान ...

**कवर्धा।** कोलेगांव। शहर सहित अंचल क्षेत्रों में मौसम के उतार चढ़ाव व तेज आंधी-तुफान व ओलावृष्टि से साग सब्जी व अन्य फल फूल सहित आम बगीचा किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला निवासी आम बगीचा रखवार से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो-तीन दिनो से तेज-आंधी-तूफान व बारिश के साथ ओलावृष्टि के चलते इस बार आम बगीचा किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होने बताया कि अभी-अभी आम तैयार हो रहा था और छोटे-छोटे होने से तेज-आंधी-तूफान व ओला वृष्टि के चलते आम बगीचा किसानों को भारी नुकसान की आशंका बनी हुई है।



### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्रदान किया सेवानिवृत को पेंशन भुगतान आदेश

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू के मार्गदर्शन पर विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय कुमार जायसवाल द्वारा सेवानिवृत होने के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया। इसी तारतम्य में मंगलवार को कोमल प्रसाद टंडन, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बहरमुड़ा विकासखण्ड कवर्धा से सेवानिवृत होने पर मंगलवार को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया गया। कोमल प्रसाद टंडन प्रधान पाठक अपनी सेवाकाल के 41 वे वर्ष में पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक बच्चों के प्रति समर्पित होकर सेवा कार्य कर सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान करने पर श्रीमती माया कसार, दीपक बर्वे, दीनानाथ चंद्रवंशी, लक्ष्मी पैकरा, संतोष चंद्रवंशी सहित स्टॉप के समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों में हर्ष व्यक्त किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा मेडिकल कॉलेज

**राजनांदगांव**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव पूर्णतः अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुका है। स्टाफ की कमी के साथ-साथ मूलभूत



सुविधाओं में भी भारी कमी है। साथ ही भोजन व्यवस्था में भी ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। जनता की शिकायत है कि वहां डॉक्टर नहीं है और जो हैं भी वो अपने क्लीनिक में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। इक्का-दुक्का डॉक्टर है, जो अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं। रेडियोलॉजिस्ट एक ही है। साथ ही मरीजों व परिजनों से स्टाफ के दुर्व्यवहार की शिकायतें भी आ रही है। इन सब के बीच स्वास्थ्य मंत्री राजनांदगांव आकर अपनी पीठ थपथपाते जरूर है, लेकिन जमीनी हकीकत की जानकारी उन्हें नहीं है, जो पैसा आता है वह बाउंड्रीवाल प्रतीक्षालय इत्यादि में लग जाता है। जबकि सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी सुविधाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे रेफर सिंडिकेट के चलने की बात भी आ रही है। जिसमें निजी अस्पतालों में रेफर करने में जमकर कमीशनबाजी होती है। निजी अस्पतालों के दलाल बाहर तक खड़े रहते हैं, जो बाहर से ही मरीज हाईजैक कर लेते हैं। एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं होती।

### आओ हरियाली की चादर फैलाएं : उमरे

**राजनांदगांव**। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 22 अप्रैल को इको क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन व इको क्लब प्रभारी



डॉ. एसआर कन्नोजे के निर्देशन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। डॉ. उमरे ने पर्यावरणीय सभा को संबोधित करते कहा कि प्रथम बार 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका के जेलार्ड नेल्सन ने शुरूआत की। इस दिवस को मनाने का अर्थ है पर्यावरण संरक्षण की तरफ सभी का ध्यान खींचना व कोशिश करना कि सभी पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में योगदान दे। इको क्लब प्रभारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ने, लोगों का प्राकृतिक आपदाओं से बचने के तरीके बताने, जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखने, वनों की कटाई रोकने, प्रदूषण कम करने, पृथ्वी के हितार्थ काम करने सभी को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि 2025 का थीम है आवर पावर, आवर अर्थ। इसका अर्थ है क्षय होने वाली ऊर्जा स्त्रोतो को दोबारा उपयोग किए जाने वाले स्त्रोत में बदलना व टिकाऊ भविष्य की नींव रखने के लिए प्रेरित करना है। प्लास्टिक के उपयोग को कम करें, रिसायकलिंग पर जोर दें, अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए व पर्यावरण को हराभरा बनाए, पानी बचाने करें। हम सभी का छोटा छोटा प्रयास धरती को बचाने में कारगर साबित होगा। इस अवसर पर स्टॉफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### माध्यमिक शाला में परीक्षा परिणाम घोषित

**सड़क अतरिया**। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



सड़क अतरिया में सोमवार को स्थानीय कक्षा के परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल थे। अध्यक्षता लल्ला कन्हैया दास वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष अशोक जंघेल मौजूद थे। विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं का परीणाम 76 तथा नवमी का 61 प्रतिशत रहा। नवमी में विशाल जंघेल ने प्रथम, धनश्री निषाद द्वितीय एवं तृतीय देवश्री रही। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में देवशरण जंघेल 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, तुमेश्वरी 81 प्रतिशत दूसरे स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में चेमेश्वरी 84 प्रतिशत प्रथम एवं मोरध्वज ने 81 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में महेश्वरी 77.2 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा चांदनी 77 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। अतिथियों ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय ने सरपंच सोनम लोमश वैष्णव, उपसरपंच धनेश जंघेल, पंच लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथिला बाई, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन बाई, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारी बाई, संगीता निर्मलकर, उत्तर कुमार जंघेल एवं अश्वनी वैष्णव का तिलक लगाकर एवं माला पहना कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मनोज जंघेल, बहादुर गोड़, सोहन वैष्णव, प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेद कुमारी पाली, पारस मणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल आदि मौजूद थे।

### हरियाली बहनियों ने निकाली कलश जल यात्रा

**राजनांदगांव**। ग्राम आरला और तोरणकट्टा में हरियाली बहिनी द्वारा कलश जल यात्रा निकालकर जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव ने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। पद्मश्री फुलबासन यादव ने पानी और पर्यावरण के महत्व के संबंध में बताते कहा कि पानी का सदुपयोग करें और अधिक से अधिक पौधरोपण करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रबी में धान की जगह कम पानी उपयोग वाली फसल का उत्पादन करने कहा।

## भरी गर्मी में लोगों को पीने के पानी की किल्लत

# तहसील कार्यालय में गहराया जल संकट, परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय तहसील कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के दौर में तहसील कार्यालय आने वाले लोगों के लिए यहां पानी तक की समुचित व्यवस्था नहीं है।

उल्लेखनीय है कि तहसील कार्यालय में तहसीलदार और एसडीएम महत्वपूर्ण अधिकारी बैठते हैं। यहां आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने सहित राजस्व मामले से संबंधित लोगों का आना-जाना लगा रहता है। वर्तमान में जब तापमान 43- 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है और डॉक्टर लू से बचने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं तब यहां आने वाले लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यहां न तो फ्रीजर है और न मटके रखा गया है। कार्यालय में वाटर कैन भी उपलब्ध नहीं है, जिससे लोग अपनी प्यास बुझा सकें। जो अपने साथ पानी की बोतल लेकर आते हैं, वह तो प्यास बुझा लेते हैं, लेकिन जिनके पास यह सुविधा नहीं होती, उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### पानी के लिए पड़ रहा भटकना



#### शीघ्र होगी व्यवस्था

एसडीएम अविनाश ठाकुर ने बताया कि एक पार्षद द्वारा फ्रीजर भेंट किया है, जिसे जल्द ही चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मटके की व्यवस्था बनाई जाएगी। एसडीएम के आश्वासन बाद लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही तहसील कार्यालय में पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा।

#### समस्या गंभीर

अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में तहसील कार्यालय में पेयजल की समस्या है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वह इस ओर ध्यान दें और लोगों के लिए पानी की व्यवस्था करे। विधायक प्रवक्ता अमित टंडन ने कहा कि पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया है और ऐसे में तहसील कार्यालय में पेयजल व्यवस्था न होना खेदजनक है। उन्होंने भी प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। वार्ड 9 के निवासी परमानंद कुर्रे ने बताया कि उन्हें यहां पानी का अभाव देखकर निराशा हुई। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले लोगों के लिए पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि उन्हें भटकना न पड़े।

## महिला छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिंदल ने 21 अप्रैल को महिला छात्रावास राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं के साथ अपराध न हो, इसके लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। धारा 74 में किसी महिला के साथ छेड़खानी अपराध है, धारा 75 में महिला के साथ अश्लील बातचीत करना अपराध है, धारा 76 में महिला को निर्वस्त्र करना, धारा 77 में प्राईवेट कृत्य में लगी महिला को देखना, धारा 78 में महिला का पीछा करना, धारा 79 में महिला की उपस्थिति में इशारेबाजी करना, सिटी बजाना आदि अपराध है।



अमित जिंदल ने बताया कि किसी 16 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 65 (1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दंड दिया जा सकता है और किसी 12 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ रेप करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 65 (2) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दंड दिया जा सकता है।

### कई धाराओं की दी जानकारी

अमित जिंदल ने बताया कि किसी भी आयु की महिला के साथ गैंगरेप करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 70(1) के तहत कम से कम बीस साल से आजीवन कारावास तक का दंड दिया जा सकता है और किसी 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ गैंगरेप करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 70 (2) के तहत कम से कम बीस साल से मृत्यु दंड तक का दंड दिया जा सकता है, परंतु यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 407 के तहत मृत्यु दंड का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पुष्ट किया जाने के लिए भेजा जाना आवश्यक है, जिस पर धारा 455 के तहत माननीय उच्चतम न्यायालय को अपील, क्षमादान आदि संबंध उपचार समाप्त होने के बाद धारा 409 के तहत पुष्टि का आदेश प्राप्त होने पर ही धारा 453 के तहत वारंट जारी कर मृत्युदंड का निष्पादन किया जा सकेगा।

### जनभागीदारी सामान्य परिषद का गठन

**राजनांदगांव**। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता द्वारा समिति के कार्यकलापों के प्रबंधन के लिए सामान्य परिषद के लिए प्रतिनिधि व सदस्य मनोनीत किए गए हैं। स्थानीय संगठन श्रेणी में पार्षद खेमिन राजेश यादव, पार्षद सेवक उईके, पार्षद चंद्रिका साहू, उद्योग श्रेणी ओमप्रकाश कांकरिया, राजेश डागा, पूर्व विद्यार्थी श्रेणी मुस्कान गुप्ता, संजना शर्मा, दिव्या पटेल, दानदाता श्रेणी पुखराज कांकरिया, सुनील मुंदड़ा, सुशील कुमार लड्ढा, कृषक प्रतिनिधि श्रेणी विवेक साहू, अलखराम चंद्राकर, कृष्णा तिवारी, समाजसेवी श्रेणी पूर्णिमा साहू, मौसमी शर्मा, श्रीमती श्वेता, डॉ. मिथलेश शर्मा, संध्या शर्मा, अभिभावक श्रेणी टार्जन सिंह राजपूत, सम्मानीय सदस्यगण राजेन्द्र गोलछा, मिथलेश शुक्ला, राजेश अग्रवाल, प्रकाश सांखला, हरीश गांधी, अमोद श्रीवास्तव, देवाशीष झा, देवल वाल्याणी, राहुल मिश्रा, माधुरी जैन, सविता बोस, छाया तिवारी, संगीता शुक्ला, सालु वर्मा, पुनम शर्मा, तेजमाला देशमुख, संगीता मिश्रा, मोना गोसाई, पुष्पलता गंधर्व, रेणु सूर्यवंशी, करूणा राजपूत, शोभा चोपड़ा, मीना यादव, कांति मौर्य, संध्या वर्मा एवं मंजूषा चोपड़ा शामिल हैं। समिति अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता ने बताया कि शीघ्र नवगठित समिति की बैठक आयोजित कर महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु योजना बनाकर क्रियान्वित की जाएगी।

## खिलाड़ियों के चयन ट्रायल की तिथि घोषित

■ चयन ट्रायल का आयोजन 9 से 11 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के नेतृत्व में हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले राजनांदगांव में आवासीय खेल अकादमी की शुरूआत की जा रही है। उक्त अकादमी में वर्तमान में 25 बालक हॉकी खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 9 से 11 मई 2025 तक किया जाएगा।

उक्त चयन ट्रायल सुबह 7 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में छत्तीसगढ़ के निवासरत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। उक्त चयन ट्रायल में 13-17 से वर्ष के आयु के खिलाड़ी ही भाग लेंगे। चयन ट्रायल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

आवासीय खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव से संपर्क कर सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की मूल प्रति, 2 पासपोर्ट साईज फोटो लाना होगा। साथ ही सभी दस्तावेजों की फोटोकापी भी लाना अनिवार्य है। चयन ट्रायल में 8 मई को पहुंचकर दस्तावेज जांच कर पंजीयन कराएं। 9 मई को चयन ट्रायल होगा। उक्त चयन ट्रायल में आवास एवं भोजन की व्यवस्था होगी।

## पंचायती राज पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के राजनीति विज्ञान विभाग ने पंचायती राज व्यवस्था विषय पर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक टीएल वर्मा ने पंचायती राज व्यवस्था पर अपने विचार रखे। उन्होंने गांवों में राजनीतिक चेतना के विकास में मोबाइल, इंटरनेट और अन्य तकनीकों की भूमिका को विस्तार से समझाया। शेषराम गोरे ने 73वें संविधान संशोधन अधिनियम पर अपने विचार प्रस्तुत किए। राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने पंचायती राज व्यवस्था के विकास, महत्व, योगदान और त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने इस सफल आयोजन के लिए राजनीति विज्ञान विभाग की सराहना किया।

## नया पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्रामीण अंचल में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में मानपुर में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 1.60 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि करते 3.15 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया। इस प्रकार मानपुर उपकेन्द्र की क्षमता 4.75 एमव्हीए से बढ़कर 6.30 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से मानपुर उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

### 32 गांव को मिलेगा लाभ

मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार रामटेके ने बताया कि मानपुर उपकेन्द्र में 1 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से स्थापित नए 3.15 एमव्हीए का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से वनांचल मानपुर क्षेत्र के 32 गांव के 4050 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता एस. कंवर ने कार्यपालन अभियंता एके रामटेके, सहायक अभियंता शिरीष मिलिंद, एसके ठाकुर, आरपी ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता भावना मंडावी और उनकी टीम की सराहना की है।

## गुजराती स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गुजराती स्कूल में बुधवार को नर्सरी से 44वीं तक सभी होम एग्जाम का परीक्षाफल घोषित किया गया। बच्चों के परीक्षा परिणाम में अंग्रेजी माध्यम कक्षा नर्सरी आरुही जैन प्रथम 99.8 प्रतिशत, सीजल साहू द्वितीय 99.4 प्रतिशत, अरीबा नूरी मेमन तृतीय 97.8 प्रतिशत रही। केजी वन में चंचल सेन प्रथम 99.2 प्रतिशत, नमन साहू प्रथम 99.2 प्रतिशत, दिव्यांका यादव द्वितीय 98.8 प्रतिशत, शालिनी पटेल द्वितीय 98.8 प्रतिशत, शिवांश यादव द्वितीय 98.8 प्रतिशत, युगांत पटेल द्वितीय 98.8 प्रतिशत, प्राची सोनकर तृतीय 97.8 प्रतिशत, मायरा गोंड तृतीय 97.8 प्रतिशत, तीशा केंवट तृतीय 97.8 प्रतिशत, वेदिका यादव तृतीय 97.8 प्रतिशत रही। केजी-टू में कीर्ति हरिहरनो प्रथम 98.6 प्रतिशत, लौकीत देवांगन प्रथम 98.6 प्रतिशत, पीहू साहू द्वितीय 98 प्रतिशत, लक्ष्य साहू द्वितीय 98 प्रतिशत, तेजल निषाद द्वितीय 98 प्रतिशत, भूमि साहू तृतीय 97.6 प्रतिशत, लावण्या नायडू तृतीय 97.6 प्रतिशत रही।

इसी तरह कक्षा पहली में जानवी साहू प्रथम 99.3 प्रतिशत, रियांशी सारथी द्वितीय 98.8 प्रतिशत, पूरब साहू तृतीय 96.3 प्रतिशत रही। कक्षा दूसरी में अथर्व पांडे प्रथम 93.37 प्रतिशत, त्रिगुआना साहू द्वितीय 92.87 प्रतिशत, तोसीमा साहू 88.5 तृतीय प्रतिशत रहा। कक्षा तीसरी में नमन साहू प्रथम 93.4 प्रतिशत, कृष पंसारी द्वितीय 92.6 प्रतिशत, युगांत सेन द्वितीय 98.9 प्रतिशत रहा। कक्षा चौथी में तृप्तंशिव साहू प्रथम 94.9 प्रतिशत, खुशी देवांगन द्वितीय 94 प्रतिशत, इशिका सिन्हा तृतीय 91.5 प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी में विवेक साहू प्रथम 97.25 प्रतिशत, गरिमा साहू द्वितीय 94.33 प्रतिशत, भूमिका निर्मलकर तृतीय 93.08 प्रतिशत रही। कक्षा छठवी में सिद्धि सेन प्रथम 98.08 प्रतिशत, वर्षा साहू द्वितीय 98 प्रतिशत, नव्या यादव तृतीय 96.08 प्रतिशत रही। कक्षा सातवीं में विकास निर्मलकर प्रथम 84.66 प्रतिशत, शिवम कुशवाहा द्वितीय 78.8 प्रतिशत, सौम्या घोष तृतीय 74.83 प्रतिशत रही। कक्षा आठवीं में निशा सोनकर प्रथम 85.6 प्रतिशत, स्वीकृति धीवर द्वितीय 83.4 प्रतिशत, वैष्णवी नामदेव तृतीय 83 प्रतिशत रही।

हिंदी माध्यम से कक्षा तीसरी में नीति मेश्राम प्रथम 88.8 प्रतिशत, कक्षा चौथी में अभिषेक सोनकर प्रथम 72.5 प्रतिशत, मोरियन रेखा द्वितीय 70.8 प्रतिशत, कक्षा छठवी में में जित्यम सोनकर प्रथम 92.5 प्रतिशत, भूपेंद्र सिन्हा द्वितीय 82.9 प्रतिशत, भावेश पटेल तृतीय 73.09 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में हौमिका सारथी प्रथम 90.91 प्रतिशत, वंशिका वर्मा द्वितीय 83.75 प्रतिशत, मेघा गोंड तृतीय 79.4 प्रतिशत, कक्षा नवमी में वृष्टि कौशले प्रथम 82 प्रतिशत, चितेश्वर साहू द्वितीय 73 प्रतिशत, कक्षा 11वीं में प्रियंका साहू प्रथम 79 प्रतिशत, गरिमा साहू द्वितीय 55 प्रतिशत, मुस्कान यादव तृतीय 49.8 प्रतिशत रही।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सेक्रेटरी सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, डायरेक्टर्स सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल व प्राचार्य तारिक ललानी, अन्य सदस्यगण सहित शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षिका खुशबू जंघेल व देवयानी साहू ने किया। उक्त जानकारी शिक्षिका नयन साहू ने दी।

## मचानपार में पानी बचाने के उपाय के संबंध में दी जानकारी

# हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम मचानपार पहुंची, जहां एकसुर में जल बचाने का संकल्प लेते कहा कि जल बचाने के जो भी उपाय हैं, उसे अभी से शुरूआत करना है।

कार्यक्रम में अभियान का नेतृत्व कर रही पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि इस बरसात के 4 माह पूर्व अर्थात मार्च से प्रारंभ किया गया है। लोग हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा अभियान में लोग जुड़ रहे हैं। पानी बचाने पूर्व में मई के दूसरे सप्ताह रविवार को मदर्स-डे के




अवसर पर भव्य कार्यक्रम करते रहे हैं, जो बरसात तक अधिक से अधिक सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने पर फोकस होता है। इस बार 4 माह पूर्व तैयारी शुरू की गई है। अभियान के तहत प्रत्येक गांव में सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, वृक्षारोपण आदि करना है। इसके लिए गांव में सभा कर महत्व से जागरूक कर रहे हैं। साथ ही सोख्ता गड्ढा, बोरी बंधान की शुरूआत की जा चुकी है। साथ ही वृक्षारोपण के लिए ग्रामीणों से पौधे की सूची ली जा रही है, ताकि अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण एवं आर्थिक रूप से सशक्त कर सके।

### प्रशासन का मिल रहा सहयोग

इस अभियान में शासन, प्रशासन का भरपूर सहयोग तो मिल रहा है। उनकी टीम जी-जान से अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं। ग्राम पंचायत, ग्रामवासी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान कैडर के सहयोग से कार्यक्रम सफल हो रहा है। आगे सभी के यहां सर्वे कर सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, पौधारोपण की सूची बनाकर सफल बनाने की दिशा में कार्य करने इच्छुकता से आगे आ रही है। इस दौरान मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति के उपाध्यक्ष अगसिया साहू, पंचायत पदाधिकारी, ग्राम संगठन के पदाधिकारी, बिहान कैडर सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पॉवर अप समर कैंप की शानदार शुरूआत

**राजनांदगांव**। युगांतर पब्लिक स्कूल में पॉवर अप समर कैंप का शुभारंभ 23 अप्रैल को किया गया। युगांतर बच्चों का भविष्य संवारने कार्य कर रहा है। यहां के समर कैंप में बच्चों की प्रतिभाओं का विकास हो रहा है।



इस कैंप का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी के मार्गदर्शन में पॉवर अप समर कैंप प्रभारी वन्दना सिंह ने देश के विभिन्न राज्य से आए विद्यालय में कार्यरत अनुभवी प्रशिक्षक और कोच व विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें युगांतर के अलावा नगर के विद्यार्थीगण विविध रोचक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।

विद्यार्थियों को योगा, मेडिटेशन और जुम्बा का आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने तैराकी के महत्वपूर्ण हिस्से बबलिंग और पैडलिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। म्युजिक में बच्चों ने विविध सांग में गिटार बजाना सीखा। उनको गिटार के काट्स बताए गए। जिसकी मदद से विविध धुन बजाई जा सकती है। बच्चे वोकल और इन्स्ट्रुमेन्टल को प्रभावी रूप से सीख रहे हैं। स्केटिंग में बच्चों को बैलेन्सिग की जानकारी दी गई। बैडमिंटन में बच्चों को बैडमिंटन का विस्तारपूर्ण परिचय कराया गया। डांस में बच्चों को क्लासिकल और फ्री स्टाइल नृत्य शैली की वृहद रूप में जानकारी दी गई।

विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने इस पॉवर अप समर कैंप में विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज करने पर हर्ष प्रकट किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**बोड़ला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया, जिसे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुना। यह इस कार्यक्रम का 121वां संस्करण था। बोड़ला मंडल के बूथों में भी मन की बात सुनी गई। इसी कड़ी में बोड़ला नगर शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 65, 66 व 68 में पीएम मोदी की मन की बात के 121 वीं संस्करण कार्यकर्ताओं के घर में सुनी गई। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात से देश के हर नागरिक को दुख पहुंचा है। पीड़ित परिवार के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। पीएम मोदी ने कहा भले वह किसी भी राज्य का हो, कोई भी भाषा बोलते हो, लेकिन वह उन लोगों के दर्द को महसूस कर रहे है। उन्होने इस कार्यक्रम में आतंकवाद का समूल नाश करने संकल्प दोहराया।

### पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित किए गए

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी कर दिए है। सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 के विभिन्न कक्षा के परिणाम की घोषणा की गई थी। इसके बाद परीक्षार्थियों के पुनर्मूल्यांकन आवेदन के आधार पर परिणाम घोषित किए गए हैं। यह परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षार्थी वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**कवर्धा।** जिले में नेशनल लोक अदालत 10 मई को लगेगी। इसमें सौहाद्रपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आमजन जिला कोर्ट कवर्धा परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यारत्व में संथर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर न्यायालय तथा प्रशासन द्वारा लगातार बैठकें लेकर तैयारियां की जा रही है। और इसमें अधिक से अधिक प्रकरण निराकृत किए जाने की योजना है।

# जिसे पहले गलत मानकर रोका गया, अब उसी से की जा रही युक्तियुक्तकरण की तैयारी

- क्यों नहीं किया जा रहा है वर्ष 2008 के सेटअप का पालन ? : एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विगत अगस्त महीने में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने शालाओं व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने संबंधी निर्देश जारी किया था, लेकिन यह युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था के लिए उचित नहीं होने के कारण चौतरफा विरोध के चलते सुधार करने के लिए रोक दिया गया था, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग ने इसमें किसी भी प्रकार का संशोधन किए बगैर विवादित युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अनुसार ही शालाओं व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने का निर्देश 28 अप्रैल 2025 को पुनः जारी किया है। इससे प्रदेश के शिक्षकों सहित शिक्षा के महत्व को समझने वाले लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने युक्तियुक्तकरण में पारदर्शिता एवं छत्तीसगढ़ शासन के 2008 के स्कूल सेटअप के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में 2008 का सेटअप लागू है, जिसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में न्यूनतम एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक का प्रावधान है। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शालाओं में न्यूनतम एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक का प्रावधान है, लेकिन युक्तियुक्तकरण के लिए जारी निर्देश में इसका पालन नहीं किया गया है। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में शासन द्वारा ही निर्धारित सेटअप से कम शिक्षक पदस्थ रहने से शैक्षणिक गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। सेटअप के अनुसार हाई स्कूल में दर्ज संख्या 70 के लिए 6 व्याख्याता व एक प्राचार्य पदस्थ किए जाने का प्रावधान है, इसके बाद दर्ज संख्या में 10 की वृद्धि होने पर क्रमशः एक शिक्षक पदस्थ किया जाना है, लेकिन इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में प्राथमिक शालाओं में 60 तक दर्ज संख्या में पांच कक्षा के लिए केवल दो शिक्षक रहेंगे, जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पांच कक्षाओं को दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे? टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों के शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु सेटअप के अनुसार शिक्षक पदस्थ करने की मांग किया है।

### शालाओं को किया जाएगा मर्ज




युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शालाओं को मर्ज किए जाएंगे, जिसके अनुसार एक ही परिसर में स्थित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों को मर्ज कर एक स्कूल बनाया जाएगा। साथ ही दस से कम दर्ज संख्या वाले प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं का निकटतम शालाओं में समायोजन किया जाएगा। एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच की दूरी कम हो तथा दर्ज संख्या भी कम हो, उनका भी समायोजन होगा। ऐसी शालाओं का भी युक्तियुक्तकरण किया जाएगा, जिनका परस्पर दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर व दर्ज संख्या 30 से कम तथा ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किलोमीटर व दर्ज संख्या 10 से कम हो।

### प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों का समायोजन ऐसे होगा

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए दर्ज संख्या को आधार बनाया गया है, जिसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में दर्ज संख्या 60 या उससे कम हो तो एक प्रधान पाठक एवं एक सहायक शिक्षक रहेंगे. शेष अतिशेष की श्रेणी में आएंगे। जिन विद्यालयों की दर्ज संख्या 61 से 90 होगी वहाँ प्रधान पाठक सहित तीन शिक्षक, 91 से 120 में प्रधान पाठक सहित चार शिक्षक, 121 से 150 तक की दर्ज संख्या में प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक रहेंगे। इसी प्रकार आगामी वृद्धि पर शिक्षक पदस्थ किए जाएंगे।

### पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षक समायोजन प्रक्रिया

पूर्व माध्यमिक शालाओं में जिनकी दर्ज संख्या 105 या उससे कम है, वहां प्रधान पाठक एवं तीन शिक्षक पदस्थ रहेंगे। इसके अतिरिक्त पदस्थ शिक्षक अतिशेष माने जाएंगे। जिन विद्यालयों की दर्ज संख्या 106 से 140 है, वहां प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ होंगे। इसी तरह प्रत्येक 35 छात्र संख्या में एक अतिरिक्त शिक्षक दिए जाएंगे। यहाँ यह बताना आवश्यक है कि वर्तमान नियमों के अनुसार मिडिल स्कूल में शिक्षकों के लिए विषय बंधन नहीं है, लेकिन यह बात हास्यास्पद प्रतीत होता है कि शासन के वर्तमान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विषयवार शिक्षक पदस्थ करने का निर्देश दिया है।

### हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षक समायोजन

बहुत कम दर्ज संख्या वाले हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल में एक ही विषय के दो व्याख्याता कार्यरत होने पर उनमें से कनिष्ठतम अतिशेष होगा। इसी प्रकार स्वीकृत पद के विरुद्ध एक से अधिक व्याख्याता कार्यरत होने पर दोनों में से कनिष्ठ अतिशेष माने जाएंगे। हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वीकृत किसी संकाय में एक भी विद्यार्थी अध्ययनरत नहीं है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित संकाय के व्याख्याताओं को जिन स्कूल में उस संकाय के छात्र अध्ययनरत हैं, वहाँ समायोजित किया जाएगा। इन स्कूलों के लिए शासन ने अपने ही सेटअप को दरकिनार कर दिया है।

**विरोध:** भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

# पंडरिया शक्कर कारखाना को निजी हाथों में सौंपे जाने को लेकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के निजीकरण किए जाने की सुगबुगाहट के बीच भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सीधे क्षेत्र के हजारों गन्ना उत्पादक किसानो और उनके परिवारों के जीवन से जुड़े इस बेहद गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को लेकर बीते मंगलवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे कलेक्टर सहित शासन-प्रशासन के समक्ष रखी। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि बीते करीब डेढ़ वर्ष से सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित पंडरिया का जिस गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही पूर्ण ढंग से संचालन किया जा रहा है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि कारखाना प्रबंधन सहित शासन-प्रशासन में बैठे कुछ उच्चाधिकारी तथा नेता अब कारखाना को निजी हांथों में देने का षड़यंत्र रच रहे हैं। भारतीय किसान संघ ने स्पष्ट किया की अगर ऐसा होता है तो भारतीय किसान संघ और जिले भर के किसान इसका पुरजोर विरोध करे। भारतीय किसान संघ ने बताया कि बीते करीब डेढ़ वर्ष से पंडरिया सहकारी शक्कर कारखाना का संचालन जिस ढंग से किया जा रहा है उससे कारखाना को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी के अनुसार पंडरिया कारखाना में पैराई सत्र 2024-25 के दौरान 24 नवम्बर से 19 फरवरी तक कारखाना प्रबंधन ने क्षेत्र के कुल पंजीकृत शेयरधारी 7659 गन्ना उत्पादक किसानो से कुल 1501534.19 क्विटल गन्ना की खरीदी की है। जिसका कुल भुगतान किसानो को 47,31,33,818.00 रूपए किया जाना था। लेकिन कारखाना प्रबंधन द्वारा पैराई सत्र प्रारंभ होने के बाद जो भुगतान किया है उसके बाद अब भी किसानो का करीब 53 करोड़ का भुगतान शेष है तथा उसके पास शक्कर, मोलासिस तथा बिजली आदि से प्राप्त कुल आय 36 करोड़ रूपए है। ऐसे स्थिति में अगर सारा पैसा किसानों को ही भुगतान कर दिया जाता है तब भी 17 करोड़ रूपए कम पड़ेगा। लेकिन यह कमी सीजन के आखिरी तक 17 करोड़ से बढ़कर 30 करोड़ तक जा सकती है। क्योंकि हो सकता है कारखाना अन्य मद में भी व्यय करेगा। वहीं कोई भी बैंक या संस्था आज के समय में पंडरिया शक्कर कारखाना को ऋण देने को तैयार नहीं है जिससे कि पैसा लेकर किसानों का गन्ने का पूरा भुगतान किया जा सके। इससे यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किसानों को इस वर्ष भी इस सीजन के आखिर में सितम्बर तक गन्ने का पूरा पैसा नहीं मिल पाएगा। ऐसे में निश्चित रूप से किसानो में आक्रोश बढ़ेगा और इस षड़यंत्र के तहत कारखाना के निजीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी



भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के निजीकरण के विरोध में भारतीय किसान संघ एवं भारतीय मजदूर संघ संयुक्त रूप से 8 मई को मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होने स्पष्ट किया है कि भारतीय कि सान संघ और क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान ये कतई बर्दास्त नहीं करेंगे कि पंडरिया शक्कर कारखाना को निजी हांथों में सौंपा जाए। वे इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# अवैध ढंग से एलोपैथिक औषधियां मरीजों को विक्रय करने एवं क्लिनिक में संग्रहित करने वाले को चार साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

न्यायालय विशेष न्यायाधीश (औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम), कबीरधाम (छ0ग0) (पीठासीन न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 27 (बी) (आईआई) एवं धारा 28 के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को चार साल के सश्रम कारावास तथा एक लाख रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अरविंद सरकार पिता अतुल सरकार,आयु 44 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 18 गुरुघासीदास मंदिर के सामने बिलासपुर रोड कवर्धा, जिला-कबीरधाम की मां जगदम्बे क्लिनिक में तत्कालीन औषधि निरीक्षक पीताम्बर साहू द्वारा गवाह रवि कुमार की उपस्थिति में गत 20 जनवरी 2015 को दोपहर 1.00 बजे आकस्मिक निरीक्षण करने पर अभियुक्त अरविंद सरकार के कुर्सी के सामने रखी टेबल एवं आलमारी में एलोपैथिक औषधियां मरीजों के विक्रय हेतु संग्रहित पाई गई थी।

तत्कालीन औषधि निरीक्षक पीताम्बर साहू द्वारा अभियुक्त से एलोपैथिक औषधियों का चिकित्सा व्यवसाय किए जाने के संबंध में दस्तावेज मांग किए जाने पर मौके पर नहीं पाए गए। तक्कालिक औषधि निरीक्षक श्री साहू के मुताबिक अभियुक्त द्वारा क्लिनिक में 56 प्रकार की एलोपैथिक औषधियों का संग्रह विक्रय हेतु पाया गया था। जिन्हें मौके पर प्रपत्र 16 में उक्त औषधियों को जप्त एवं सीलबंद कर तथा पंचनामा तैयार कर उक्त औषधियों के संग्रह एवं बिक्री के संबंध में अभियुक्त से औषधि विक्रय लायसेंस, जप्तशुदा औषधि का खरीदी बीजक एवं एलोपैथिक औषधियों से चिकित्सा व्यवसाय के लिए आवश्यक पंजीयन मांगा था, परंतु अभियुक्त ने मौके पर तथा बाद में उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं किया था।

अतः जांच पश्चात परिवादी ने अभियुक्त के विरूद्ध परिवाद अन्तर्गत धारा 27 (बी) (आईआई) एवं धारा 28 औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिस पर लम्बी सुनवाई करते हुए तथा दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय विशेष न्यायाधीश (औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम), कबीरधाम (छ0ग0) (पीठासीन न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 27 (बी) (आईआई) एवं धारा 28 के के तहत आरोपी को मामले का दोषी पाए जाने पर चार साल के सश्रम कारावास तथा एक लाख रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### बाल विवाह रोकने प्रशासन सतर्क

**कवर्धा।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जिले में बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के समन्वय से जिले भर में सभी विवाह आयोजनों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि बाल विवाह की आशंका को देखते हुए पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर पर सक्रिय निगरानी दल बनाए गए हैं। इन टीमों को जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में दो अतिरिक्त दलों में विभाजित कर ड्यूटी पर लगाया गया है। इनमें संरक्षण अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, आउटरिच वर्कर और विधिक सलाहकार शामिल हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह प्रतिबंधित है। इस कानून का उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि एक कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। यह कुपोषण, हिंसा, समयपूर्व गर्भावस्था और मातृ-शिशु मृत्यु दर जैसी समस्याओं को भी बढ़ावा देता है। इसलिए प्रशासन ने आम नागरिकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव-गांव में जागरूकता रैली, कार्यशाला, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, पाम्पलेट वितरण और प्रचार-प्रसार के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशासन, चाइल्ड लाइन, विशेष किशोर पुलिस इकाई सहित सभी संबंधित विभाग बाल विवाह की रोकथाम के लिए पूरी तरह से सक्रिय और तैयार हैं।

# महिला गर्म पानी से झुलसी, 12 वर्षीय बालक पेड़ से गिरा, डॉयल 112 की टीम ने दिखाई तत्परता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के द्वारा डायल 112 कबीरधाम में तैनात समस्त अधिकारी/जवानों को यह निर्देशित किया गया है कि, सी 4 रायपुर से प्राप्त होने वाली सभी सूचनाओं (इवेंट) को प्राथमिकता से सुनने तथा कम से कम समय में घटना स्थल पर पहुंचकर जरूरतमंदों को यथासंभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करें जिससे जरूरतमंद को समय पर उचित उपचार/सहयोग प्राप्त हो सके। इसी क्रम में 29 अप्रैल को डायल 112 सेवा की तत्परता से दो अलग-अलग आपात स्थितियों में पीड़ितों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11. 55 बजे सी 4 रायपुर से सूचना प्राप्त होते ही बोड़ला पैंथर 01 वाहन में तैनात डायल 112 की टीम तत्काल हरकत में आ गई। डॉयल 112 को सूचना मिली कि ग्राम खारिया में मनी बाई पति कतिया साहू, घरेलू कार्य करते समय गर्म पानी से झुलस गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरक्षक झुलुराम धुर्वे और चालक गीता प्रसाद बिना देर किए मौके पर पहुंचे तथा पीड़िता को सुरक्षित उनके परिजनों के साथ वाहन में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला ले जाया गया, जहां उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई। टीम की त्वरित प्रतिक्रिया ने स्थिति को नियंत्रण में लाकर एक बड़ा संकट टाल दिया। इसी प्रकार सी 4 रायपुर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना चिल्फी क्षेत्र के ग्राम बहनाखोदरा में 12 वर्षीय बालक प्रभु पिता किशन, आम तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिर गया है। जिसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें लगने के कारण स्थिति चिंताजनक है। सूचना मिलते ही चिल्फी पैंथर 01 में तैनात आरक्षक सुनील कुमार मरावी और चालक दुभित साहू तुरंत कॉलर से संपर्क कर घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों की सहायता से घायल बालक को सावधानी पूर्वक 112 वाहन में बैठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्फी लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। समय पर मदद पहुंचने से बालक की स्थिति स्थिर है। परिजनों द्वारा कबीरधाम पुलिस डायल 112 सेवा के त्वरित व संवेदनशील कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### भाजपा किसान मोर्चा ने नरेश टिकैत का फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में मंगलवार को किसान नेता नरेश टिकैत का पुतला दहन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर ने इस अवसर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा देश के 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई, जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय एवं देश की एकता और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की, जिसकी सराहना न केवल देशवासियों ने, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी की जा रही है। किन्तु अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता ऐसे राष्ट्रहितकारी निर्णयों का विरोध कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कथित किसान नेता नरेश टिकैत का यह बयान कि भारत और पाकिस्तान के किसान एक हैं, अतः सिंधु जल समझौता रद्द नहीं होना चाहिए, न केवल देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खाकर, देश के विरोध में बयान देते हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। पूर्व में भी इन्होने किसान आंदोलन के नाम पर लाल किले की प्राचीर पर हुड़दंग मचाकर राष्ट्र को अपमानित करने का कृत्य किया गया था। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने की जनमन योजना, राजस्व पखवाड़ा, सुशासन तिहार आदि की गहन समीक्षा**

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जनमन योजना, राजस्व पखवाड़ा, सुशासन तिहार, एग्रीस्टेक परियोजना, जनप्रतिनिधियों की निधियों से स्वीकृत कार्यों सहित समस्त अधोसंरचना परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान जनमन योजना के अंतर्गत बैगा जनजाति के लिए बन रहे आवासों की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि वनांचल क्षेत्रों में एक भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तत्परता दिखाएं और आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि एक भी कार्य प्रारंभ रहित नहीं रहना चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर मोनिका कौड़ो, नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराकरण में संवेदनशीलता बरतने तथा प्रत्येक आवेदन की अद्यतन स्थिति से प्रतिदिन अपडेट रहे।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर के पूर्व विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर उनका समुचित निराकरण कर लिया जाए और इस प्रक्रिया में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी आवेदन को बिना परीक्षण के अस्वीकृत न किया जाए तथा ऐसे आवेदन जिनका निराकरण संभव नहीं है या जो अपात्र हैं, उन्हें अस्वीकृत करते समय प्रमुख कारणों का उल्लेख करते हुए संबंधित आवेदक को अवगत कराया जाए।

उन्होंने प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित होने के बाद उनका समयबद्ध, ठोस एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# स्थानीय परीक्षा परिणाम किए गए घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कचहरी पारा व आदर्श नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा का वार्षिक परीक्षा परिणाम संयुक्त रूप से मंगलवार को विधिवत घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व विद्यार्थियों में परीक्षा फल को लेकर उत्सुकता थी वहीं दूसरी ओर परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात उनमें हर्ष का माहौल रहा। प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, पवन जायसवाल नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षद शंभू देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य संजय मिश्रा, सनत तिवारी तथा प्राचार्य आरएस धुर्वे, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार शुक्ला, संतोष पाण्डेय एवं शिक्षकों के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा जारी परीक्षा परीणामों के मुताबिक कक्षा पहली में लवयांश साहू 91.3 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी नितिशा साहू 89. प्रतिशत के साथ द्वितीय, कक्षा दूसरी में भाषनि मानिकपुरी प्रथम, आदित्य चंद्रवंशी द्वितीय कक्षा तीसरी में सुरेंद्र कुमार देवांगन प्रथम, डॉली साहू द्वितीय, कक्षा चौथी में प्रज्ञा चंद्रवंशी शत प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, काजल यादव प्रथम, भाविका होमने द्वितीय, अभ्यास द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 9 वी में नौशीन रजा 94.67 प्रथम, अमन चंद्रवंशी द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारहवीं अंग्रेजी माध्यम में राज चंद्रवंशी 94.601 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर, कुमारी मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं आदर्श नवीन कन्या हिंदी माध्यम में 11 वीं कला में कुमारी नेहा पटेल प्रथम, सोनम यादव द्वितीय, 11 वीं विज्ञान में कुमारी लक्ष्मी प्रथम, कुमारी तारिणी द्वितीय, 11 वीं वाणिज्य में प्रथम स्थान पर कुमारी मीठी गुप्ता 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान पर कुमारी मुस्कान, कक्षा नवमी के प्रथम स्थान पर कुमारी ममता को द्वितीय स्थान पर कुमारी लोचन पटेल रही। कक्षा ग्यारहवीं में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 91 वही कक्षा 9 वी में 80 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। इस अवसर पर अतिथि गण, प्राचार्य, शिक्षक एवं पालक सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।